इस छात्रवृत्ति को प्रदान करने की समिति में 13 सदस्य थे जिसमें तीन बाहरी विशेषज्ञ थे। इस समिति की बैठक 30 सितंबर और 1 अक्तूबर, 2019 को की गई। समिति ने रानावि के 33 स्नातक आवेदकों के छात्रवृत्ति प्रस्तावों की जांच की और वर्ष 2019–20 के लिए प्रशिक्षु छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदकों का साक्षात्कार भी लिया गया। फेलोशिप समिति के शामिल सदस्यों में श्री एम. के. रैना, श्री रोबिन दास, सुश्री हेमा सिंह, श्री अब्दुल लतीफ खटाना, श्री दिनेश खन्ना, श्री अमरजीत शर्मा, श्री शांतनु बोस, श्री अमितेश ग्रोवर, श्री अरूण कुमार मलिक, श्री अब्दुल कादिर शाह, श्री दीपांकर पॉल, श्री सुरेश चंद्र एवं डॉ. अभिलाष पिल्लई थे। मौखिक परीक्षा के दौरान निर्धारित निर्देशों के अंतर्गत सभी फेलोशिप प्रोजैक्ट की ध्यान से जांच की गई। समिति के प्रत्येक सदस्य ने अपनी–अपनी अंक–तालिका जमा की और मैट्रिक के अनुसार निम्नांकित 10 रानावि स्नातकों को नाम प्रशिक्षु फेलोशिप के लिए एक वर्ष के लिए चुने गए और जिनकी अवधि 1 नवंबर, 2019 से आरंभ होती थी और एक रानावि स्नातक के नाम को मौजूदा फेलोशिप योजना के अंतर्गत एक वर्ष की अवधि के लिए एक्सटेंशन फेलोशिप के लिए विचार हेतु रखा गया।

क्रम सं.फेलोशिप प्राप्त करने वालों के नाम

1. श्री अविजित सोलंकी
2. श्री सार्थक नरूला
3. श्री सलीम हुसैन मुल्ला
4. सुश्री पूजा नितिन वेदविख्यात
5. सुश्री अपूर्वा अनंगली
6. श्री हरि शंकर रवि
7. श्री रवि चहर
8. सुश्री स्निग्धा मंडल
9. सुश्री जीना मणि वैश्य
10. सुश्री अदिति आर्य

11. सुश्री निकिता टेरेसा सरकार को उनकी दूसरे वर्ष की चल रही फेलोशिप के एक्सटेंशन को फेलोशिप समिति की संस्तुतियों के अनुसार प्रदान किया गया। (शैक्षिक परिषद् बैठक जो कि 13 मार्च, 2013 को हुई)।

फेलोशिप योजना के लिए बनाए गए निर्देशों के अंतर्गत उस संस्थान के जाने–माने विशेषज्ञों द्वारा इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फोर द आर्ट्स, मानसिंह रोड, नई दिल्ली में 18 से 23 नवंबर, 2019 तक की अवधि के दौरान 'रिसर्च मैथेडोलॉजी विषय पर इन चुने गए 10 फेलोशिप छात्रों के लिए ओरिएण्टेशन कोर्स संचालित किया गया।

भारत रंग महोत्सव – 2020 में प्रतिभागिता

रानावि द्वारा 1 से 21 फरवरी, 2020 की अवधि के दौरान विद्यालय की शैक्षिक प्रशिक्षण गतिविधि के एक अंश के रूप में भारत रंग महोत्सव, एक अंतर्राष्ट्रीय रंग महोत्सव का आयोजन किया गया और इसलिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों को इन 21 दिनों के अंतर्राष्ट्रीय रंग महोत्सव में प्रदर्शित की गई प्रस्तुतियाँ/नाटकों पर आधारित शोध प्रोजेक्ट कार्य दिए गए।

भारंगम समारोह से एक दृश्य

छात्र प्रस्तुतियाँ

छात्र प्रस्तुतियाँ

विद्यालय का प्रशिक्षण कार्यक्रम विस्तारयुक्त है, इसके अंतर्गत (i) कालजयी भारतीय एवं पाश्चात्य नाट्य परंपराएँ (ii) भारतीय पारंपरिक एवं लोक रंगमंच और (iii) भारत और विश्व के अन्य भागों की आधुनिक/समकालीन रंग–प्रवृत्तियाँ शामिल हैं।

I प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियाँ

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल (रानावि)
06–08 जून, 2019	कमेलिया	आसिफ अली	अभिमंच

II द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियाँ

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल (रानावि)
06 से 10 अप्रैल, 2019	रोमियो एंड जूलियट	डॉ. दानिश इक़बाल	अभिमंच
14 से 16 अप्रैल, 2019	किंग लियर	श्री अब्दुल लतीफ खटाना	बहुमुख
23 से 25 मई, 2019	पंचानोवेश	श्री राजू बारोट	बहुमुख
18 से 21 अक्तूबर, 2019	कर्ण गाथा	प्रो. रीटा गांगुली	अभिमंच
11 से 14 दिसंबर, 2019	वीर अभिमन्यु	सुश्री हेमा सिंह	अभिमंच
20 से 21 जनवरी, 2020	खेल कुर्सी का	श्री मिलिंद इनामदार श्री गणेश चंदनशिव	मुंबई
27 से 30 जनवरी, 2020	खेल कुर्सी का	श्री मिलिंद इनामदार श्री गणेश चंदनशिव	अभिमंच

III तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियाँ

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
11 से 14 अक्तूबर, 2019	कातज़ेलमाखेर	डॉ. जैकलिन रौसेली	अभिमंच
15 से 19 अक्तूबर, 2019	एज़ बीज इन हनी ड्रॉन	सुश्री मारियाना वेनस्टीन	चहुमुख
13 से 17 दिसंबर, 2019	रक्तपुष्प एंड महापौर	श्री अनिरुद्ध खुटवाड़	बहुमुख
21 से 24 दिसंबर, 2019	बॉयल्ड बीन्स ऑन टोस्ट	सुश्री रबिजिता गोगोई	अभिमंच

IV डिप्लोमा प्रस्तुतियाँ 2019 (डिप्लोमा पब्लिक शो)

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
22.07.2019	ख्वाहिश गली	श्री हरि शंकर रवि	अभिमंच
23.07.2019	रियूनस इन रिवर्स	श्री सार्थक नरूला	मुक्तांगन
24.07.2019	विहाइण्ड दि बॉर्डर्स	सुश्री पी. मैलोडी डोकरस	अभिमंच
25.07.2019	शांति निवास	श्री माएंगबन सुनील सिंह	बहुमुख
26.07.2019	टूथूकुडि मैस्केयर 13	श्री बालासुब्रमण्यम जी.	अभिमंच
27.07.2019	नीलकंठ पक्षी की खोज में	सुश्री सेजुती बागची	मुक्तांगन
28.07.2019	अ केस ऑफ क्लेयरवोएन्स ऑर एक्सीक्यूटिंग मिस के.	सुश्री श्रुति	अभिमंच
29.07.2019	इनफिनिट वाक	सुश्री सरस कुमार नामदेव	बहुमुख

V डिप्लोमा प्रस्तुतियाँ 2019 (शो परीक्षाएं)

तिथि	नाटक का नाम	निर्देशक	स्थल
20.04.2019	टूथूकुडि मैस्केयर 13	श्री बालासुब्रमण्यम जी.	अभिमंच
27.04.2019	शांति निवास	श्री माएंगबन सुनील सिंह	बहुमुख
18.05.2019	नीलकंठ पक्षी की खोज में	सुश्री सेजुती बागची	रानावि मुक्तांगन
26.05.2019	अ केस क्लेयरवोएन्स ऑर एक्सेक्यूटिंग मिस के.	सुश्री श्रुति	अभिमंच
13.07.2019	बिहाइण्ड दि बॉर्डर्स	सुश्री पी. मैलोडी डोकरस	अभिमंच
15.07.2019	इनफिनिट वाक	सुश्री सरस कुमार नामदेव	बहुमुख
21.07.2019	ख्वाहिश गली	श्री हरि शंकर रवि	अभिमंच

I प्रथम वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियाँ

कमेलिया

कमेलिया नाटक प्रथम वर्ष के छात्रों द्वारा 6–8 जून, 2019 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में प्रस्तुत किया गया। नाटक श्री आसिफ अली द्वारा निर्देशित किया गया। वेशभूषा श्री अरनब सेनगुप्ता द्वारा, प्रकाश व्यवस्था श्री साउती चक्रवर्ती द्वारा, ध्वनि एवं संगीत संयोजन श्री संतोष कुमार सिंह और श्री जगराज धौला द्वारा किया गया। मंच परिकल्पना श्री विशाल आर म्हाले द्वारा की गई। कैमेलिया, जो एक आशा का पुष्प है,समय की रेत के पार, प्रेम के जुनून और सीखने की यात्रा पर चल पड़ता है। दुनिया प्रेम को अनुचित समझती है और दो प्रेमियों को प्यार में पड़ने,एक दूसरे के लिए शाश्वत बंधन और चिरस्थायी प्रेम प्रतिज्ञाओं को दोहराने देने की बजाय उन्हें अलग कर देती है। यह नाटक नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक गेब्रियल गार्सिया मार्केज के सबसे प्रसिद्ध उपन्यासों में से एक, 'लव इन द टाइम ऑफ कोलरा' के साथ–साथ वारिस शाह और कैफी आजमी द्वारा लोक कथा 'हीर रांझा' के समय और स्थान की सीमाओं पर फैले प्रेम की कहानियों को एकत्रित करता है और पंजाब की मिट्टी के 'कोटि लोक संगीत और स्पैनिश फ्लेमेंको संगीत के सुनहरे धागों के साथ

कृष्ण बलदेव वैद्य की कहानियाँ 'सब कुछ नहीं' बुनता है। कथा फ्लोरेंटिनो की कहानी बताती है जो 50 से अधिक वर्षों तक इंतजार करता है ताकि वह अपने रोमांस को फेरमिना के साथ फिर से जगा सके। अब जब उसके पति की मृत्यु हो गई है, तो फेरमिना ने उसे प्यार करने की घोषणा स्वीकार कर ली?क्या हीर और रांझा सालों तक तरसने के बाद एकजुटता के बंधन को फिर से हासिल करेंगे या वे एक साथ कब्र में समा जायेंगे ? क्या प्यार में दो महिलाएं कभी भी अपने अतीत को छोड़कर अपने संवेदंशील जुनून की यात्रा पर आगे बढ़ पाएंगी ? पात्रों की संरचना में आधुनिकता और परंपरा के बीच बातचीत होती रहती है और अपने समय की अशांति के खिलाफ लड़ते हुए, अपने दिल में प्रेम की इस भारी क्षति के साथ जूझते हुए आपके दिल में एक आशा की झिलमिलाहट छोड जाती है।

(कमेलिया से फोटोग्राफ)

II द्वितीय वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियाँ

रोमियो एंड जूलियट

रोमियो एंड जूलियट द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 6–10 अप्रैल 2019 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाट्यकार विलियम शेक्सपीयर हैं। नाटक का हिन्दी अनुवाद श्री अमिताभ श्रीवास्तव द्वारा किया गया। नाटक की परिकल्पना और निर्देशन श्री दानिश इकबाल द्वारा किया गया। वेशभूषा शांतनु बोस द्वारा, संगीत संयोजन ज्ञानदीप और संजय फिलिप्स द्वारा किया गया। नृत्य–संरचना अभिषेक झा द्वारा और प्रकाश–व्यवस्था, संगीत श्रीवास्तव द्वारा की गई।

एक पार्टी में रोमियो और जूलियट को प्यार हो जाता है। लेकिन वो दोनों ऐसे परिवारों से आते हैं जो एक–दूसरे से नफरत करते हैं। इसलिए उन्हें यकीन है कि उन्हें शादी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। फिर भी फ्रायर लॉरेंस की मदद से दोनों गुप्त रूप से शादी कर लेते हैं। दुर्भाग्य से शादी की रात आने से पहले ही रोमियो एक द्वंद्व में जूलियट के चचेरे भाई को मार डालता है और सुबह–सुबह उसे मजबूर होकर भागना पड़ता है। अगर वह शहर लौटेगा तो उसे मौत के घाट उतार दिया जाएगा।

जूलियट के माता–पिता उसे पेरिस से शादी करने के लिए मनाते हैं। वो नहीं जानते कि जूलियट पहले से शादीशुदा है। वह शुरुआत में मना कर देती है, लेकिन बाद में सहमत हो जाती है क्योंकि वह अपनी नकली मौत का नाटक रच हमेशा के लिए रोमियो के साथ भागने की योजना बनाती है। इसमें भी पहले की तरह उन्हें फ्रायर लॉरेंस की मदद मिलेगी।

फ्रायर लॉरेंस योजना तैयार करता है। वह जूलियट को एक गहरी नींद वाली औषधि पिला देता है। जब वह मृत प्रतीत होती है तो उसे कब्र में डालने के लिए ले जाया जाता है। उधर रोमियो इस योजना के बारे में नहीं जानता, वह उसकी कब्र पर जाता है और यह सोचकर कि वह मर चुकी है खुद को भी मार डालता है। अंततः जब जूलियट उठती है तो उसे पता चलता है कि रोमियो मर चुका है तो वह भी खुद को मार डालती है।

(रोमियो एंड जूलियट से फोटोग्राफ)

किंग लियर

किंग लियर द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 14–16 अप्रैल 2019 को बहुमुख सभागार, रानावि परिसर में आयोजित किया गया। इसके नाटककार विलियम शेक्सपीयर हैं। नाटक का कुदसिया अंदलीब आलम द्वारा हिन्दी अनुवाद किया गया। नाटक का निर्देशन श्री अब्दुल लतीफ खटाना द्वारा किया। मंच परिकल्पना शांतनु बोस द्वारा प्रकाश व्यवस्था राघव प्रकाश द्वारा, वेशभूषा अम्बा सान्याल द्वारा दी गई और मंच सामग्री परिकल्पना अरुण कुमार मलिक द्वारा की गई। किंग लियर एक ऐसा नाटक है जो दिखने और होने के बीच अंतर्संबंधों की खोज करता है, और होने के अधिक दिखावे पर भरोसा करने का दुःखद परिणाम है।

लियर की दो सबसे बड़ी बेटियां गोंनेरिल और रेगन अपने पिता के प्रति अटूट प्रेम और भक्तिभाव प्रदर्शित करती है इसलिए लियर अपना राज्य उन दोनों में बांट देता है। दूसरी तरफ छोटी बहन कॉर्डेलिया, जो अपनी बहनों के दिखावे से घृणा करती है, पिता की चापलूसी करने से इन्कार कर देती है। इसलिए लियर गुस्से में उसे अपनी पैतृक सम्पति से वंचित कर उसे देश निकाला दे देता है। वह फ्रांस के राजा से विवाह करती है जो बाद में उसकी बहनों के खिलाफ सेना का नेतृत्व करता है।

जल्द ही लियर को पता चल जाता है कि उनकी दोनों बड़ी बेटियों के प्यार भरे शब्द सिर्फ खोखले वादे थे, ताकि वो सत्ता पर क़ाबिज हो सकें। एक बार जब उनके पास सत्ता और दौलत आ जाती है, तो पिता उसके लिए बोझ बनने लगता है। वे उसे

अपमानित कर अलग–थलग कर देते हैं।

दूसरी तरफ एक अन्य कथाफलक पर, ग्लोसेस्टर का राजा अपने नाजायज बेटे एडमंड के हाथों कठपुतली बन जाता है यह सोचते हुए कि उसका असली बेटा एडगर उसके खिलाफ साजिश रच रहा है। दोनों शक्तिशाली पुरुषों को जब इस धोखे का अहसास होता है तो दोनों अपमानित महसूस करते हैं।

लियर और ग्लॉसेस्टर के राजा को बहुत अपमानित और कटुता झेलने के बाद मालूम पड़ता है कि उनके लिए असल वफादार कौन था। नाटक का अंत आते–आते, दैवीय न्याय के रूप में एडमंड गोंनेरिल और रेगन को धोखा दे देता है। गोंनेरिल रेगन को मार डालती है और खुद भी आत्महत्या कर लेती है, वहीं एडगर एडमंड को मार डालता है। कोर्डेलिया को एडगर के फरमान से फांसी मिलती है और लियर इस दुःख से अंततः मर जाता है। इस तरह, अंततः राज्य में व्यवस्था बहाल हो जाती है।

(किंग लियर का फोटोग्राफ)

पंचानोवेश

पंचानोवेश नाटक द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा बहुमुख सभागार, रानावि परिसर में 23–25 मई 2019 तक मंचित किया गया। नाटक श्री राजू बरोट द्वारा निर्देशित किया गया। नाटक के नाटककार श्री परेश व्यास है। मंच एवं वेशभूषा सुश्री अर्पिता थागट द्वारा की गई। संगीत संयोजन श्री केदार एवं श्री भार्गव द्वारा किया गया। सुश्री वैशाली त्रिवेदी द्वारा नृत्य संरचना की गई।

यह कहानी एक छोटे से गाँव से शुरू होती है। ग्रामीण लोग प्रकृति की गोद में प्रसन्नतापूर्वक और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं। पंचा के पिता गाँव के नेता हैं। एक दिन राज्य की रानी सभी किसानों को एक अध्यादेश पर हस्ताक्षर करने का आदेश देती है जिसमें लिखा है कि वे अपनी भूमि या घरों के मालिक नहीं हैं, रानी ही सारी जमीन और संपत्ति की एकमात्र मालकिन है। पंचा के पिता आसपास के सभी गाँवों के लोगों के साथ मिलकर रानी के पास जाते हैं और अध्यादेश वापस लेने के अनुरोध करते हैं, लेकिन रानी पंचा के पिता की बात मानने के बजाय उन पर अत्याचार करती है उसके पिता की मृत्यु हो जाती है। पंचा, जो उस समय 10 वर्ष का है, बदला लेने की प्रतिज्ञा करता है और चुपचाप रानी की सेना के एक अधिकारी की हत्या कर देता है। रानी अपने अधिकारी की हत्या का बदला लेने के लिए गाँवों को लूटती और जला देती है। पंचा पहाड़ पर रहते हुए खुद को युद्ध के लिए तैयार करता है। जब वह 18 साल का हो जाता है तो उन सभी युवाओं की एक सेना बनाता है जो रानी के राज से खुश नहीं हैं। पंचा की सेना का मुकाबला करने के लिए रानी कठोर कदम उठाती है। रानी पंचा का समर्थन करने वाले व्यक्तियों को मौत की सजा देने के लिए घुमन्तू न्यायालय चलाना शुरू कर देती है। पंचा इन न्यायालयों पर भी हमला करने लगता है। पंचा के पास सेना है, लेकिन वह राजनीति या एक व्यवस्थित विद्रोह के बारे में कुछ भी नहीं जानता। यहाँ एक–दूसरे नेता भाईजी भी हैं, जो रानी और उसके दानपूर्ण नियमों के खिलाफ व्यवस्थित अभियान चला रहे हैं, लेकिन उसके पास रानी की सेना से लड़ने के लिए लड़ाके नहीं हैं।

भाई जी पंचा को बुलाते हैं। पंचा भाईजी और उनके विचारों से प्रभावित हो जाता है। वह सोचता है कि भाईजी ही लोगों को उनके दुःख से उबार सकते हैं। वह भाईजी के साथ काम करने के लिए तैयार हो जाता है। पंचा और उसके आदमी सभी गाँवों से जाते हैं और अपनी सेना के लिए जवानों को भर्ती करते हैं। कठोर प्रशिक्षण के पश्चात पंचा की सेना रानी पर हमला करती है। रानी की सेना पंचा की जांबाज और जोशीली सेना से लड़ाई हार जाती है। रानी को राजगद्दी से हटा दिया जाता है। भाईजी सर्वसम्मति से राज्य के नए प्रमुख बन जाते हैं। पंचा भाईजी से अनुरोध करता है कि वे किसानों और दबे–कुचले

लोगों की देखभाल करें। वह स्वयं सेवानिवृत्त हो अपने गाँव में खेती करने चला जाता है और एक खुशहाल जीवन जीने लगता है। लेकिन बीच–बीच में उसे लगता है कि भाईजी की नई सरकार किसानों और गरीब लोगों से किए वायदे पूरा नहीं कर रही है वह भाईजी को पत्र लिखता है लेकिन कोई जवाब नहीं आता। एक दिन पंचा को संदेश मिलता है कि राजधानी के अभिजात लोगों की साजिश के तहत भाईजी को उनके जनरल द्वारा मार दिया गया है। एक बार फिर पंचा एक सेना बनाता है और भाईजी को मारने वाले जनरल को हरा देता है। पंचा खुद नया प्रमुख बनता है। वह किसानों और गरीबों के हित में सरकार चलाने की भरसक कोशिश करता है। लोग उसके शासन से खुश होते हैं। हालांकि प्रमुख बनकर वह खुद खुश नहीं है। वह लोगों को शासन की बागडोर थमाता है और फिर से गाँव की ओर रुख करता है। सत्ता से दूर जाने के दौरान वह आगाह करता है कि अगर शासक किसानों और गरीबों की परवाह नहीं करेंगे, तो वह फिर से वापस आ जाएगा और उन्हें गद्दी से उतार देगा।



(पंचानोवेश से फोटोग्राफ)

कर्ण गाथा

'कर्ण गाथा' नाटक द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 18–21 अक्तूबर 2019 तक अभिमंच सभागार में मंचित किया गया। नाटक का संगीत परिकल्पना और निर्देशन सुश्री रीटा गांगुली द्वारा किया गया। नाटक के नाटककार श्री आसिफ अली हैदर खान हैं। वेशभूषा डॉली अहलूवालिया तिवारी ने की।

नाटक 'कर्ण गाथा' ऐसे समय में लिखा और खेला जा रहा है, जब दुनिया संचार के शिखर पर पहुँच चुकी है। ज्ञान का क्षेत्र इतना विकसित हो गया है कि एक ही विषय में विशेषज्ञता के भिन्न–भिन्न क्षेत्र पैदा हो गए हैं। वस्तुनिहित सूक्ष्म से सूक्ष्मातर ज्ञान हम पाना चाह रहे हैं। ज्ञान की चाहत और इसे पाना एक बात है,तो ज्ञान का व्यवहार और व्यवहार के लिए उचित अवसर व स्थान का मिलना बिल्कुल दूसरी बात है। हम ज्ञान तो दे रहे हैं किन्तु व्यवहार के उचित अवसर एवं स्थान दे पा रहे हैं क्या ? व्यवहार के बिना ज्ञान का कोई अर्थ है क्या ? बिना नीति के ज्ञान विनाशक भी तो हो सकता है ? नाटक 'कर्ण गाथा' का एक विमर्श, ज्ञान और नीति संगत उसका व्यवहार है। विमर्श का दूसरा पक्ष ऐसे जटिल समय में, जब हम औरतों की आज़ादी और बराबरी की बात कर रहे हैं, स्त्रियों की भूमिका बराबरी से भी परे चली जाती है, जटिल से जटिलदार हो जाती है। ऐसे में परिवार के अन्दर उसकी क्या भूमिका होगी, और क्या वह उसका उचित निर्वाह कर पा रही है ? लोक नीति और राजनीति का क्या संबंध है ? बिना राजनीति को समझे किसी भी क्षेत्र में सफल हो पाना सम्भव है ? नाटक का मूल विमर्श इन्हीं प्रश्नों के इर्द–गिर्द घूमता रहता है। नाटक का नायक महाज्ञानी, तेजस्वी, सत्यवादी और दानी है। वह विशिष्ट ज्ञान की प्राप्ति के लिए गुरु परशुराम के पास भी जाता है, विद्या प्राप्त भी कर लेता है, लेकिन लोक व्यवहार और राजनैतिक सूझ–बूझ की कमी के कारण शापित भी हो जाता है। कर्ण महान योद्धा है, परन्तु उसे अपने कौशल को व्यवहार में लाने और आजमाने का अवसर ही नहीं मिलता है। वह व्यवहार की नीति को नहीं जानता। व्यवहार की अनभिज्ञता, लोक नीति और राजनीति का अभाव उसे पराजय के मुख में धकेल देता है। उसके ज्ञान का जो लोकहित में उपयोग हो सकता था, उसके ज्ञान का अंत उसी के साथ हो जाता है। स्त्री भूमिका इसका दूसरा पहलू है। कर्ण की दुर्दशा में कुंती की क्या भूमिका है ? कुंती की उसकी अपनी अवस्था का कौन जिम्मेदार है ? क्या स्वयं कुंती नहीं ? धृतराष्ट्र तो जन्मांध थे, गांधारी ने अपनी आंखों पर पट्टी क्यों बांधी ? कौरव अधर्म के रास्ते पर चल पड़े इसमें गांधारी की भूमिका रही ? गांधारी की महानता अपने जन्मांध पति की कमजोरी को आंख पर पट्टी बांध अपनी कमजोरी बना लेने में थी या खुले नेत्रों से अपनी उचित भूमिका निभाने में होती ?

चलिए, गांधारी ने तो आंख पर पट्टी बांध ली, उन सौ कौरव वंधुओं का क्या जिनकी आंख खुली थी ? उनकी जिज्ञासा, उनका मन, हस्तिनापुर में उनकी भूमिका, इस विषय में महाकाव्य भी मूक हो जाता है। स्त्रियों की आज़ादी और भूमिका के संदर्भ में यह प्रश्न बड़े मौजूं हो जाते हैं।

(कर्ण गाथा से फोटोग्राफ)

वीर अभिमन्यु

'वीर अभिमन्यु' नाटक द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 11 से 14 दिसंबर 2019 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन सुश्री हेमा सिंह ने किया। संगीत संयोजन सुश्री काजल घोष द्वारा प्रकाश व्यवस्था साउती चक्रवर्ती द्वारा की गई। 'वीर अभिमन्यु' नाटक छात्रों को पारसी शैली समझाने की एक कोशिश है। पारसी शैली में नाटक करना एक चुनौती जैसा है क्योंकि वह एक संपूर्ण कलाकार की मांग करती है। पारसी शैली के विशिष्ट अंदाज में लिखे शेर और लयात्मक संवाद यह मांग करते हैं कि अभिनेता के पास लय, सुर, ताल, नटगिरी, भाव भंगिमाएं, मुद्राओं, भाषा और कविता की अच्छी समझ हो। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अभिनेताओं का इस शैली में काम करना, उन्हें एक तरह से संपूर्णता के रास्ते की तरफ ले जाता है। साथ ही भावनात्मक स्तर पर अति समृद्ध पारसी थिएटर उन्हें संवेदनशील भी बनाता है। वीर अभिमन्यु, रानावि के द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ की गई प्रशिक्षण प्रस्तुति है, और इसमें आप पाएंगे कि छात्राएं, पुरुष पात्रों को निभा रही हैं, क्योंकि मुख्य उद्देश्य छात्रों को पारसी शैली सिखाना है। साथ ही नृत्य, गीत, मार्शल आर्ट, कलरी का प्रयोग कर इसे और समृद्ध बनाने की कोशिश की गई है। इस प्रस्तुति में न सिर्फ यह कोशिश की गई है कि प्रशिक्षण के रूप में

(वीर अभिमन्यु से फोटोग्राफ)

द्वितीय वर्ष के छात्र, पारसी शैली की मांगों को पूरा कर सकें बल्कि यह प्रयास भी किया गया है कि आज जब आधुनिक अभिनेता पारसी शैली का अभिनय करे, तो उसे आज की यथार्थवादी शैली की समझ से कैसे जोड़े। कैसे उस समय के पारसी रंगमंच के अभिनय और आज की यथार्थवादी समझ के बीच, एक ऐसा संतुलन बनाएं कि पारसी रंगमंच के अभिनय, संवाद और शेरों की अदायगी की अस्मिता बनी रहे और वह एक नया रूप भी पाए।

खेल कुर्सी का

'खेल कुर्सी का' नाटक द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा 20 से 21 जनवरी, 2020 तक मुम्बई में और 27 से 30 जनवरी, 2020 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन मिलिंद इनामदार और श्री गणेश चंदाशिव ने किया। 'तमाशा' सहजता का एक रूप है और इसमें मूल रूप से कलाकार सिर्फ विषय तय करते हैं और उसे निभाना शुरू करते हैं। इसलिए मैंने गण, गवलन, बटावनी और लावनी में पारंपरिक विषयों के पहले आधे पूरी तरह से पूर्ण रूप के उपयोग को नहीं लिखने का फैसला किया। केवल उत्तरार्ध का मतलब 'वागनाट्य' है। मैंने नया वाग–नाट्य लिखा क्योंकि हमारे पास 13 महिला अभिनेता और केवल 5 पुरुष अभिनेता हैं। 'खेल कुर्सी का' 'समृद्धि नागरी' में महिला एम.एल.ए. का पता लगाने के लिए है और जब वे समृद्धि नागरी जाते हैं तो क्या होता है। भारत में, बलात्कार का अनुपात बहुत अधिक है, और हमारे पास बलात्कार के अनुपात के बढ़ने के बारे में अलग–अलग विचार हैं, लेकिन तथ्य यह है कि हम बलात्कार को बहुत छोटे बच्चे जैसे पाँच साल और इतने पर ही देखते हैं। इसलिए कोई भी महिला उम्मीदवार समृद्धि नागरी में एम.एल.एन. हीं बनना चाहती है। यहां तक कि बलात्कार के मामलों को भी हल नहीं किया जा सकता है और वर्षों तक किसी बलात्कारी को सजा नहीं मिलती है, महारानी महिला विधायक की तलाश करती हैं और विभिन्न महिला उम्मीदवारों के समक्ष आती हैं जो विधायक बनने के लिए इच्छुक नहीं हैं लेकिन उनके पति इस अवसर को पाना चाहते हैं और समृद्धि नागरी पर कब्जा और शासन करना चाहते हैं। यह वाग एक गंभीर नोट पर समाप्त होता है जब महारानी को एक लड़की मिलती है जिसका तब बलात्कार किया गया था जब वह पाँच साल की थी। उसे एम.एल.ए. के रूप में चुना जाता है।

'खेल कुर्सी का' नाटक का फोटोग्राफ

III द्वितीय वर्ष के छात्रों की प्रस्तुतियाँ

कातज़े लमाखेर

कातज़े लमाखेर तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 11 से 14 अक्तूबर 2019 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन डॉ. जैकलीन रौसेटी द्वारा किया गया। इस नाटक का नाम कातज़ेलमाखेर है। जिसका अर्थ है हुडदंग करने वाला। लेकिन यह उस इंसान के लिए गाली से भी ज़्यादा अपमानजनक है जो एक अजनबी की तरह किसी देश में आता है और जिसके दिमाग में वहाँ रहने और अपने बच्चों को बड़ा करने से ज्यादा कुछ नहीं है, उस बिल्ली की तरह जो अपने बच्चों के पैदा होने पर उनकी सुरक्षा के लिए लगातार घर बदलती रहती है, डर–डर कर रहती है। स्वाभाविक रूप से यह उन लोगों के दृष्टिकोण को दर्शाता है जो मानते हैं कि अजनबी बाहर से आकर उनकी नौकरियों को छीन लेते हैं, उनकी औरतों का बलात्कार करते हैं, और अंततः उनकी संस्कृति और घर तबाह कर देते हैं। रेनर वर्नर फसबाइन्डर का यह नाटक लेखन के 40 साल बाद आज भी दुनिया भर में बारम्बार खेले जाने वाली विषय–वस्तु है। यह रोजमर्रा की एक ऐसी कहानी जिसे लेखक लगभग ऐसे तरीके से परिकल्पित करने में कामयाब हुआ है जो आज से पहले से ज्यादा समसामयिक हो गई है।

(कातजेलमाखेर से फोटोग्राफ)

एज़ बीज़ इन द हनी ड्रोन

'एज़ बीज़ इन द हनी ड्रोन' नाटक तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 15–19 अक्तूबर 2019 तक चहुमुंख सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन सुश्री मरियाना वेनस्टीन द्वारा किया गया। श्री हिमांशु बी. जोशी ने नाटक का हिन्दी अनुवाद किया। मंच परिकल्पना विशाला आर. म्हाले द्वारा की गयी। प्रकाश व्यवस्था श्री राघव प्रकाश चंद्रा द्वारा, नृत्य संरचना श्री विक्रम मोहन द्वारा और ध्वनि संयोजन सुश्री मरियाना वेनस्टीन द्वारा की गई। 1997 में प्रकाशित डगलस कार्टर बीन द्वारा एज़ बीज़ इन द हनी ड्रोन एक अमेरिकी कॉमेडी है, जो हास्य और बुद्धि के साथ समकालीन समाज और इसके मूल्यों के बारे में व्यंग्य करता है। यह नाटक हमें सच्चाई और कृत्रिमता के बीच की सीमाओं के बारे में सोचने का अवसर देता है, झूठे आख्यानों के निर्माण, और बदले में, हमें फिल्म, साहित्य और विपणन की दुनिया के लिए निरंतर संदर्भों के साथ एक सांस्कृतिक आदान–प्रदान करने की अनुमति देता है। एज़ बीज़ इन द हनी ड्रोन हमें याद दिलाता है कि एक ऐसी दुनिया में जहां उपभोक्तावाद के साथ आध्यात्मिक मूल्यों को महसूस करने का विचार है, वहाँ प्रामाणिकता के मूल्य का कभी भी बचाव करना महत्वपूर्ण है, और खासकर तब जब हम कला और रचनात्मकता के लिए समर्पित जीवन का सामना कर रहे हैं।

(एज़ बीज़ इन हनी ड्रोन)

रक्तपुष्प एंड महापूर

'रक्तपुष्प एंड महापूर' नाटक तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 13 से 17 दिसंबर 2019 तक बहुमुख सभागार, रानावि परिसर में मंचित किया गया। नाटक का निर्देशन एवं परिकल्पना श्री अनिरूद्ध खुडवाड द्वारा किया गया। रक्तपुष्प के नाटककार श्री महेश एलकुंचवार हैं। महापूर के नाटककार श्री सतीश आलेकर हैं।

इस नाटक में उम्र के अलग–अलग पड़ावों पर स्थित दो स्त्रियों की आंतरिक भावनाओं की पड़ताल की गई है। एक तरफ चालीस की उम्र की पद्मा है जिसे यौन सुख से वंचित होने की आशंका सता रही है तो वहीं दूसरी तरफ उसकी बेटी लाली है जो यौवन की दहलीज पर कदम रख रही है। एक तरह से यह स्त्री–चेतना की खोज है, जो यौवनावस्था से रजोनिवृत्ति के बीच शारीरिक परिवर्तनों और उनके अपरिहार्य मनोवैज्ञानिक प्रभावों से आकार लेती है।

रक्तपुष्प शीर्षक का संबंध मासिक धर्म के रक्त से है, नाटक में भी मासिक धर्म चक्र का संदर्भ है। प्रकृति के नियमों से बंधी अलग–अलग उम्र की यह दोनों स्त्रियाँ प्रश्न उठाती हैं, अगर यौनिकता की खोज सृजन की मानवीय शक्ति है तो इससे रहित जीवन क्या मृत्यु का प्रतीक है ?

महापूर युवाओं के मुद्दों पर एक संवेदनशील नाटक है। इसमें सत्तर के दशक की युवा पीढ़ी का सामाजिक–राजनैतिक संघर्ष दिखाया गया है। गोविंद रघुनाथ कवठेकर, एक ऐसा आम युवक है जो यथार्थ के भंवर में उलझ गया है। कल्पना और यथार्थ के मिटते अंतर से अनभिज्ञ गोविंद दो समानान्तर अस्तित्वों में जीता है। एक तरफ वह अपनी बचपन की सहेली सुलभा से प्यार करता है और दूसरी तरफ उसका अपने माता–पिता से लगातार वैचारिक संघर्ष चलता रहता है। प्यार, उलझन और वैचारिक संघर्ष के बीच गोविंद अपने कल्पित यथार्थ में जीने लग जाता है। इस तरह गोविंद के विचारों और भावनाओं की बाढ़ (महापूर) निरंतर बहती रहती है।

(रक्तपुष्प एण्ड महापूर से फोटोग्राफ)

उबले दाने टोस्ट पर

तृतीय वर्ष के छात्रों द्वारा 21 से 24 दिसंबर 2019 तक अभिमंच सभागार, रानावि परिसर में **'उबले दाने टोस्ट पर'** नामक

नाटक मंचित किया गया। नाटक के नाटककार गिरीश कर्नाड हैं। नाटक का अनुवाद पद्मावती राव द्वारा किया गया। नाटक का निर्देशन रोबिजीता गोगोई द्वारा किया गया। मंच परिकल्पना राजेश सिंह द्वारा प्रकाश व्यवस्था साउती चक्रवर्ती द्वारा, वेशभूषा सुश्री परीजित कौर रिम्मी द्वारा, ध्वनि संयोजन श्री संतोष कुमार सेंडी द्वारा दिया गया।

एक अकेलेपन से जूझती उच्च वर्ग की गृहणी किसी करुणाश्रम में अपनी खोई हुई आवाज को पुनः पा लेती है; एक छोटे शहर से नौकरी की तलाश में आए युवा को सिकुड़ती हरियाली पर उभरते कंक्रीट के जंगल अनकही संभावनाओं का वादा करते हैं; एक देहाती रूढ़िवादी बूढ़ी महिला के लिए रेसकोर्स ताकत के दरवाजे खोलता है; एक ग्रामीण महिला शहरी अराजकता के बीच अपने पांव जमाने के लिए संघर्ष करती है। इस तरह गिरीश कर्नाड का यह नाटक अपनी गीतिमयता, क्रूरता और हास्य–पलों के साथ जीवन्त है। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के कई चरित्र हैं जो बैंगलुरू शहर में आपस में मिलते हैं, टकराते हैं, उलझते हैं, या हमेशा एक–दूसरे पर प्रहार करने पर तुले रहते हैं।

साँस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम (सीईपी)

साँस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र/संकाय सदस्य/स्टाफ सदस्य अपनी प्रस्तुतियों के साथ विदेशों में जाते हैं और उन देशों में आयेजित होने वाले समारोहों और संगोष्ठियों में प्रतिभागिता करते हैं। इसी प्रकार रानावि प्रतिनिधि/प्रस्तुतियों को विदेश के नाट्य स्कूलों से रानावि, भारत में आमंत्रित करता है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान साँस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत निम्नांकित अंतर्राष्ट्रीय साँस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम आयोजित किये गए जिनका विवरण निम्न प्रकार से है :–

वर्ष 2019

31 मार्च से 14 अप्रैल 2019 की दो सप्ताह की अवधि के लिए आदान–प्रदान के आधार पर चार छात्र सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत रॉयल अकादेमी ऑफ ड्रामा से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में आए।

दिनांक 23 से 29 सितंबर, 2019 तक हानोई, वैयतनाम में वैयतनाम इंटरनेशनल परफोर्मेंस अकादेमी (वीआईपीए) द्वारा आयोजित 17वें एशिया पैसिफिक बांड थिएटर स्कूल उत्सव में श्री दिनेश खन्ना, एसोसिएट प्रोफेसर ने रानावि के फेलोशिप छात्रों के साथ प्रतिभागिता की। श्री दिनेश खन्ना, एसोसिएट प्रोफेसर ने एपीवी सदस्य स्कूलों के छात्रों के साथ 'नवरस' पर कार्यशाला संचालित की।

वर्ष 2020

आइ सी सी आर के माध्यम से मालदीव में भारतीय दूतावास से प्राप्त आमंत्रण पर डॉ. अभिलाष पिल्लई (प्रोफेसर), श्री अब्दुल लतीफ खटाना (एसोसिएट प्रोफेसर) ने 22 फरवरी से 27 फरवरी 2020 तक मेल मालदीव में एक्टर्स वर्कशॉप संचालित की।

रंगमंडल

रंगमंडल

रंगमंडल विद्यालय का एक नियमित प्रस्तुति स्कंध है। इसकी स्थापना केवल चार सदस्यों के साथ, 1964 में हुई थी। इसका उद्देश्य जहाँ एक ओर पेशेवर रंगमंच को स्थापित करना था वहीं दूसरी ओर नए–नए प्रयोगों को जारी रखना भी था।

वर्ष 1964, में स्वर्गीय ओम शिवपुरी ने कंपनी की शुरूआत की और वर्ष 1977 में रंगमंडल एक पूर्ण इकाई बना जिसके नियमित नाट्य दल में आठ नए कलाकार शामिल हुए। रंगमंच और सिनेमा को समर्पित स्व. श्री मनोहर सिंह रंगमंडल के प्रथम प्रमुख थे।

विकास

दिल्ली में नियमित रूप से नाटकों का मंचन करने के अतिरिक्त रंगमंडल देश–विदेश के विभिन्न भागों में दौरे कर नाटक प्रस्तुत करता है।

वर्तमान में रंगमंडल में एक रंगमंडल प्रमुख, श्री सुरेश शर्मा और 20 नियमित कलाकार हैं। इन नियमित कलाकारों को कई अनियमित कलाकारों का पूर्ण सहयोग प्राप्त रहता है जो अधिकतर रा.ना.वि. के स्नातक ही हैं, और इन्हें प्रशासनिक और तकनीकी स्टाफ की टीम सहयोग करती है। अब तक रंगमंडल लगभग हर प्रकार की नाट्य–प्रस्तुतियाँ कर चुका है जिनमें शैलीबद्ध संगीतमय प्रस्तुतियों से लेकर समकालीन यथार्थवादी भारतीय नाटक, विदेशी नाटकों के अनुवाद व रूपांतरण भी शामिल हैं। रंगमंडल के कई कलाकार रंगमंच, सिनेमा और टी.वी. के जाने–माने कलाकारों के रूप में उभरे हैं।

रंगमंडल देश–भर का व्यापक दौरा कर चुका है और जर्मनी, पोलैंड, ब्रिटेन, नेपाल, मॉरिशस, चीन और बांग्लादेश की कई सफल यात्राएं भी कर चुका है।

नए नाटक

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार	स्थान
20.03.2020	जलियांवाला बाग	श्री सुरेश शर्मा	श्री अमिताभ श्रीवास्तव	सम्मुख

ग्रीष्मकालीन रंगमंच समारोह, 2019 (कमानी सभागार, रानावि परिसर, दिल्ली)

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार
29 मई, 2019	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री आसिफ अली
30 मई, 2019	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे
31 मई, 2019	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री उषा गांगुली
1 एवं 2 जून, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी
2 जून, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजेन्द्र नाथ	श्री विजय तेंदुलकर
3 जून, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला
4 जून, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी

ग्रीष्मकालीन नाट्य समारोह 2019
(भारतेन्दु नाट्य अकादेमी एवं प्रेमचंद रंगशाला, दिल्ली से बाहर)

9 जून, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी
10 जून, 2019	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री आसिफ अली
11 जून, 2019	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री उषा गांगुली

12 जून, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजेन्द्र नाथ	श्री विजय तेंदुलकर
13 जून, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला
14 जून, 2019	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे
ग्रीष्मकालीन नाट्य समारोह 2019 (प्रेमचंद रंगशाला, दिल्ली से बाहर)			
17 जून, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी
18 जून, 2019	ख़ामोशी सीली सीली	प्रो. सुरेश शर्मा	श्री आसिफ अली
19 जून, 2019	बायेन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री उषा गांगुली
20 जून, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजेन्द्र नाथ	श्री विजय तेंदुलकर
21 जून, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला
22 जून, 2019	गज़ब तेरी अदा	प्रो. वामन केन्द्रे	प्रो. वामन केन्द्रे

सप्ताहांत रंगमंच समारोह (सम्मुख सभागार, रानावि परिसर, दिल्ली)

तिथि	नाटक	निर्देशक	नाटककार
31 अगस्त से 02 सितंबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी
06 से 08 सिंतबर, 2019	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली	सुश्री उषा गांगुली
13 से 15 सितंबर, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चित्तरंजन त्रिपाठी	श्री अजय शुक्ला
20 से 22 सितंबर, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री राजेन्द्र नाथ	श्री विजय तेंदुलकर
18 से 20 अक्तूबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	श्री रविन्द्र त्रिपाठी

प्रायोजकों के अंतर्गत दिल्ली के बाहर मंचित किए गए प्रदर्शन

तिथि	नाटक	निर्देशक	प्रायोजक	स्थान
06 अक्तूबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	भारत भवन, भोपाल	भारत भवन, भोपाल
15 नवंबर, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चितरंजन त्रिपाठी	गति थिएटर	
16 नवंबर, 2019	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली	गति थिएटर	
17 नवंबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	गति थिएटर	
15 दिसंबर, 2019	ख़ामोशी सीली सीली	श्री सुरेश शर्मा	मनन केन्द्र सिक्किम	सीएएएचडी सिक्किम सरकार
16 दिसंबर, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चितरंजन त्रिपाठी		
17 दिसंबर, 209	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली		
18 दिसंबर, 2019	जात ही पूछो साधु की	श्री सुरेश शर्मा		
18 दिसंबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	मनन केन्द्र सिक्किम	

23 दिसंबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	मनन केन्द्र सिक्किम	
26 दिसंबर, 2019	ख़ामोशी सीली सीली	श्री सुरेश शर्मा	नज़रूल कलाक्षेत्र	आई सी ए विभाग, त्रिपुरा सरकार
27 दिसंबर, 2019	ताजमहल का टेंडर	श्री चितरंजन त्रिपाठी		
28 दिसंबर, 2019	बायन	सुश्री उषा गांगुली		
29 दिसंबर, 2019	जात ही पूछो साधू की	श्री राजेन्द्र नाथ		
30 दिसंबर, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा		
01 जनवरी, 2020	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी, असम	बारपेटा, असम
03 फरवरी, 2020	ताजमहल का टेंडर	श्री चितरंजन त्रिपाठी	21वां भारत रंग महोत्सव, दिल्ली	कमानी सभागार
10 फरवरी, 2020	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा		
16 फरवरी, 2020	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली		
22 फरवरी, 2020	बायेंन	सुश्री उषा गांगुली	टैगोर हॉल, चंडीगढ	टैगोर हॉल, चंडीगढ
23 फरवरी, 2020	जात ही पूछो साधू की	श्री राजेन्द्र नाथ		
24 फरवरी, 2020	ख़ामोशी सीली सीली	श्री सुरेश शर्मा		
28 फरवरी, 2020	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	अहमदाबाद, गुजरात	अहमदाबाद, गुजरात
01 एवं 02 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	एनसीजेडसीसी सभागार	इलाहाबाद
04 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	मुरारीलाल सभागार	बनारस
05 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	राजेन्द्र प्रसाद घाट	बनारस
09 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	डी.आई.ई.टी. युनिवर्सिटी	समालखा, हरियाणा
10 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	कला भवन	चंडीगढ़
11 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	पटियाला युनिवर्सिटी	पटियाला
14 मई, 2019	पहला सत्याग्रही	श्री सुरेश शर्मा	पंजाब नाटशाला	अमृतसर, पंजाब

(पहला सत्याग्रही से फोटोग्राफ)

(ताजमहल का टेंडर का फोटोग्राफ)

संस्कार रंग टोली (टी.आई.ई.)

संस्कार रंग टोली (टी.आई.ई.)

उत्पत्ति

हालांकि देश में ऐसे अनेक बच्चे हैं जो रंगमंच को सीखने और इसे करने के ज़ज्बे से भरे हुए हैं और नाट्यकला के लिए उनमें बेहद जोश है, परन्तु उन्हें औपचारिक रंगमंच प्रशिक्षण देने और इस क्षेत्र में उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई संस्थान नहीं है। इन परिस्थितियों में बच्चों की विकासात्मक, शैक्षिक और सृजनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य के साथ अलग–अलग आयु वर्गों के बच्चों के बीच रंगमंच को बढ़ावा देना राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का एक अनिवार्य लक्ष्य बन गया है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए नियमित आधार पर बच्चों के लिए और बच्चों के साथ काम करने वाले अभिनेताओं/शिक्षकों के समूह वाली एक रंगमंच कंपनी 16 अक्तूबर, 1989 को स्थापित की गई। इस कम्पनी को 'थिएटर–इन–एजुकेशन कम्पनी' का नाम दिया गया था और बाद में इसका नाम 'संस्कार रंग टोली' रखा गया।

अप्रैल, 2019 से मार्च 2020 तक गत वर्ष के दौरान संस्कार रंग टोली (टाई कंपनी) की गतिविधियाँ/कार्यक्रम

- बच्चों के लिए नाटक की प्रस्तुतियाँ।
- दिल्ली एवं एन सी आर में बच्चों के साथ ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला।
- संडे क्लब I, II और III
- दिल्ली में बाल संगम समारोह।
- हैदराबाद बाल रंगमंच उत्सव, 2 प्रस्तुतियों के साथ टाई कंपनी का दौरा।

अप्रैल 2019

- एक नई प्रस्तुति 'बाबला और बापू / साबरमति आश्रम' श्री राम सेंटर में दिनांक 9, 10, 15, 18 अप्रैल 2019 को प्रस्तुत की गई। इस प्रस्तुति को बच्चों के लिए दिल्ली और दिल्ली के आस–पास के विभिन्न स्कूलों में भी मंचित किया गया।
- ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का विज्ञापन 17 अप्रैल 2019 प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया और रानावि की वैबसाइट पर पोस्ट किया गया। लगभग 9300 प्रत्युत्तर आवेदकों से प्राप्त हुए।

मई–जून 2019

- 1 मई 2019 को टाई कलाकारों के लिए प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित हुआ और रानावि की वैबसाइट पर पोस्ट किया गया। विज्ञापन के प्रत्युत्तर में 88 आवेदन प्राप्त हुए।
- 3 से 7 मई 2019 को बच्चों के लिए दिल्ली और आस–पास के क्षेत्रों के विभिन्न केन्द्रों में विचार–विमर्श सत्र आयोजित किए गए। लगभग 600 बच्चों को प्रवेश दिया गया।
- ग्रीष्मकालीन कार्यशाला को आयोजित करने के लिए विशेषज्ञ/सहायक एवं ग्रुप लीडर की ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला को आयोजित करने के लिए रानावि की वैबसाइट पर विज्ञापन पोस्ट किया गया।

ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला
(17 मई से 16 जून 2019)

प्रत्येक वर्ष मई–जून के बीच बच्चों के लिए एक माह की दीर्घावधि के लिए ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनकी पृष्ठभूमि से थोड़ा अलग हटकर एक अलग सामाजिक पहचान देना और उन्हें रंगमंचीय गतिविधियों द्वारा खेल–खेल में ही उनके आसपास के वातावरण के प्रति संवेदनशील बनाना होता है। कार्यशाला 4 सप्ताह के लिए बनाई जाती है जिसके दौरान हम स्वयं, परिवार, शिक्षा और समाज का अन्वेषण करते हैं। इस वार्षिक कार्यक्रम का आरम्भ केवल रानावि केन्द्र से हुआ और अब यह बढ़कर दिल्ली के विभिन्न स्कूलों में 9 केन्द्र बन गए हैं। 8–16 वर्ष के आयु के बच्चों को प्रत्येक वर्ष प्रवेश दिया जाता है। लगभग 16–29 ग्रुप में 30 बच्चे होते हैं। इस तरह 600 से भी अधिक बच्चों को प्रत्येक वर्ष प्रतिभागिता करने का अवसर मिलता है। अभिभावकों को भी कार्यशाला प्रक्रिया सत्र में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रतिभगिता करने वाले बच्चे कार्यशाला के दौरान उनके द्वारा अर्जित और सीखी गई विभिन्न थीम, गतिविधियाँ और कार्य प्रक्रिया पर आधारित प्रतिभागितापूर्ण कार्यक्रम को तैयार करते हैं। जैसे–जैसे वर्ष निकल रहे हैं, इस तरह के केन्द्रों को खोलने की मांग बनती जा रही है।

1.	3–7 मई 2019	दिल्ली के 9 केन्द्रों में बच्चों के साथ विचार–विमर्श सत्र। लगभग 600 बच्चों को प्रवेश दिया गया।
2.	5–6 मई 2019	ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला टाई कंपनी के लिए विशेषज्ञ/ग्रुप लीडर, सहायक के साथ विचार–विमर्श सत्र/साक्षात्कार
3.	8–9 मई 2019	ग्रुप एलोकेशन

4.	11 मई 2019	दिल्ली के 9 केन्द्रों के लिए चुने गए अभ्यर्थियों के नाम डिस्पले करना। यह रानावि की वैबसाइट पर भी पोस्ट किया गया।
5.	10–15 मई 2019	विशेषज्ञ/ग्रुप लीडर और सहायकों के साथ आंतरिक कार्यशाला।
6.	16 मई 2019	ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला के लिए आवश्यक प्रबंध करने के लिए 9 केन्द्रों का भ्रमण।
7.	17 मई 2019	बच्चों के साथ विभिन्न 9 केन्द्रों पर कार्यशाला का आरंभ करना।
8.	30 एवं 31 मई 2019	ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला के 9 केन्द्रों पर अभिभावक सत्र की तैयारी।

(कैम्ब्रीज स्कूल, नोएडा का फोटोग्राफ)

(चाणक्यपुरी स्कूल का फोटोग्राफ)

(हरि नगर स्कूल का फोटोग्राफ)

(ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के दौरान फोटोग्राफ)

ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला 2019 कार्यशाला केन्द्र :

1.	एन्गलो संस्कृत वी. जे. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, दरियागंज, नई दिल्ली	(2 ग्रुप)
2.	ग्रीन वे मॉर्डन स्कूल, दिलशाद गार्डन, पॉकेट – ए एंड बी, दिल्ली–95	(2 ग्रुप)
3.	कैम्ब्रीज स्कूल, जूनियर विंग प्लॉट नं. – सी 7 ए, सैक्टर – 27 विनायक हॉस्पीटल नोएडा के पास, उ.प्र.	(2 ग्रुप)
4.	सेंट ज़ेवियर हाई स्कूल रोज वुड सिटी सैक्टर, 49–50, मेन गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, गुरुग्राम, हरियाणा – 122018	(2 ग्रुप)

5.	लेडी इरविन स्कूल जूनियर विंग ब्लॉक – डी डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110049	(2 ग्रुप)
6.	अहल्कोन पब्लिक स्कूल, मयूर विहार फेज़–1, नई दिल्ली – 91	(2 ग्रुप)
7.	नेवी चिल्ड्रन स्कूल, सत्यमार्ग, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली – 21	(2 ग्रुप)
8.	आर पी वी वी शालीमार बाग, बी टी ब्लॉक, नई दिल्ली – 88	(3 ग्रुप)
9.	आर पी वी वी हरि नगर, मायापुरी रोड, बी ई ब्लॉक, नई दिल्ली–64	(3 ग्रुप)

- एयर फोर्स ऑडिटोरियम, धौला कुंआ में ग्रीष्मकालीन रंगमंच के लिए 8 जून 2019 को नाटक बाबला और बापू/साबरमती आश्रम मंचित किया गया।
- 15 एवं 16 जून 2019 को ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का दिल्ली और इसके आस–पास के 9 केन्द्रों में समापन हुआ।
- 19/20 जून से 23/24 जुलाई 2019 तक टाई कलाकारों के लिए एक माह का ग्रीष्म अवकाश।
- 28 से 30 जुलाई तक टाई कलाकारों एवं प्रतिभागियों के साथ एलिसन रीवस, ग्रुप लीडर ड्रामा एंड परफोरमेंस यूनिवर्सिटी ऑफ वॉरकेस्टर, यू.के. द्वारा कार्यशाला संचालित की गई।

अगस्त, 2019

संडे क्लब

संडे क्लब ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का विस्तार है। यह प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित किया जाता है। इस क्लब में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चे तत्कालिक क्लब अभिनय के ज़रिए मूल नाटक की सृजन कर विस्तृत कार्य करते हैं। क्लब की गतिविधि के एक भाग के रूप में बच्चे मिलजुलकर एक थीम निश्चित करते हैं और विभिन्न रंगमंच तकनीकों का प्रयोग कर इसको एक नाटक का रूप देते हैं। यह 'करके सीखो' के सिद्धान्त पर आधारित है। इसका संडे क्लब समारोह से समापन होता है जिसमें सहयोगी प्रक्रिया से बच्चों द्वारा तैयार किये गये मूल नाटक प्रदर्शित किए जाते हैं जिन्हें अभिभावक और जनता द्वारा देखा जाता है।

संडे क्लब भाग–I

यह ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का विस्तारित कार्यक्रम है जिसमें बच्चे आशुअभिनय की प्रक्रिया के माध्यम से पहली मूल प्रस्तुति अभिकल्पित करते हैं।

संडे क्लब भाग– II

यह बच्चों की रंगमंच को कला के रूप में समझ को विकसित करने का अगला कदम है।

संडे क्लब भाग– III

रंगमंच के मूलाधारों को समझना और उनको अभ्यास में लाने का एक वातावरण है।

- संडे क्लब पार्ट – I की कक्षाएं प्रत्येक शनिवार और रविवार को आयोजित की गई और पूरे समयावधि में कुल 7 प्रस्तुतियां तैयार की गईं। संडे क्लब II एवं III की कक्षाएं 17/18 अगस्त, 2019 से 12 जनवरी 2020 तक संचालित की गई।

सितंबर, 2019

- 17 से 21 सितंबर 2019 तक श्री राम सेंटर में एक 'पार समंदर' नामक शो मंचित किया गया जिसे एन जी ओ और स्कूलों द्वारा देखा गया।

अक्तूबर, 2019

- 'किस्से सूझ बूझ के' और 'पार समंदर' नामक नाटक के 18, 21 एवं 22 अक्तूबर 2019 को छात्रों एवं शिक्षकों के लिए आर.पी.वी.वी. हरि नगर एवं सरदार पटेल स्कूल, लोधी रोड, दिल्ली में शो मंचित किए गए।

नवंबर, 2019

बाल संगम समारोह 2019

नई सहस्राब्दी की शुरुआत के साथ, टोली ने 'बाल संगम' नामक एक नया द्विवार्षिक कार्यक्रम शुरू किया। यह देश के विभिन्न क्षेत्रों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत भारतीय प्रदर्शन लोक और पारंपरिक कलाओं पर ध्यान केंद्रित करने वाला एक समारोह है। बाल संगम इस मायने में एक अनूठा प्रयोग रहा है कि यह बच्चों के माध्यम से ही होता है जिससे कि बच्चे और वयस्क समान रूप से देश की समृद्ध और विविध साँस्कृतिक विरासत से परिचित हों। यह पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और पोषण का भी प्रयास है।

(बाल संगम 2019 के उद्घाटन का एक दृश्य)

रा.ना.वि. टाई कंपनी द्वारा 9 से 12 नवंबर 2019 तक बाल संगम 2019 का आयोजन किया गया था। महोत्सव का उद्घाटन 9 नवंबर, 2019 को हुआ था। प्रो . राम गोपाल बजाज (प्रसिद्ध रंगमंच अभिनेता और निर्देशक) समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। उद्घाटन समारोह में मणिपुर, राजस्थान, उड़ीसा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के विभिन्न कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रम 'रंगोली' की प्रस्तुति दी।

बाल संगम के दौरान भारत के 24 राज्यों में से 97 के लिए कुल 97 आवेदन प्रविष्टियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से 54 लोक प्रदर्शन के लिए और 43 लोक रंगमंच के लिए थीं। जूरी के 6 सदस्यों ने 4 लोक रंगमंच और 19 लोक और पारंपरिक प्रदर्शनों की सिफारिश की, जिसमें रा.ना.वि. ने पूरे भारत में 3 लोक थिएटर और 12 लोक प्रदर्शनों को आमंत्रित किया। इन 15 में से, लोक और पारंपरिक प्रदर्शन के 12 समूह भारत के 10 राज्यों से थे और 3 समूह लोक और पारंपरिक रंगमंच भारत के अन्य 3 राज्यों से थे, जिनमें 11 भाषाएँ शामिल थीं यानी कन्नड़, असमिया, कश्मीरी, ओडिया, हिंदी, पंजाबी, बंगला। मलयालम, गुजराती, ओगुडोलु और मणिपुरी। नृत्य रूपों में छाऊ, यक्षगान, गोटीपुआ, थांग–टा, भांगड़ा, लोक नृत्य, रास, लोक गीत, कठपुतली नृत्य, असमिया लोक नृत्य, औगुड़ोलु और कश्मीरी शामिल हैं। लगभग 172 बच्चे, 8–10 साल की उम्र के बीच 36, 11–14 साल की उम्र के बीच 96 और 15–18 साल की उम्र के बीच 40 बच्चों ने भाग लिया। लगभग 65 महिला बाल कलाकार 188 पुरुष कलाकार इस कार्यक्रम का हिस्सा थे। 253 लोक और पारंपरिक प्रदर्शकर्ता थे। लगभग 7 कार्यशालाएं 14 कलाकारों के साथ आयोजित की गई थीं, जिन्होंने ऑरिगैमी, कठपुतली, मिट्टी के बर्तनों, पेपर मैशे , शिल्प और मुखौटा बनाने के लिए अनउपयोगी सामग्री, सिक्की कला (घास) और वर्ली पेंटिंग का उपयोग किया था। भोपा भोपी, नगाडा पार्टी, कच्ची घोड़ी, लोंग मेन , कठपुतली शो, कालबेलिया, मैजिक शो, ऑर्केस्ट्रा में अनउपयोगी सामग्री का उपयोग करते हुए 40 कलाकारों के साथ 7 एंबियंस प्रदर्शन थे।

रानावि परिसर में 9 से 12 नवंबर 2019 तक बाल संगम समारोह के दौरान निम्न प्रस्तुतियां आयोजित की गईं :

लोक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां

क्र. सं.	लोक रूपों के नाम	ग्रुप का नाम	निदेशक का नाम
1.	मयूर, द्वापर लीला, शिकारी, माया बंधन, चलो दिल्ली, चांदी युद्ध, अभिमन्यु वध	भावेश छाउ नृत्य कला केन्द्र झारखंड	श्री परमानंद नंदा
2.	खाम्बा थोइबी, थांग चिन्गोइ यान्नाबा, नाग नृत्य, थांग अहुम यान्नाबा, थांग लैटेंग हईबा, पुंग चोलम, ढ़ोल–ढ़ोलक चोलम	हुयेन लाल्लोंग थांग–टा कल्चरल एसोसिएशन, इरिलबुंग, मणिपुर	श्री मुटुम इबोम्चा
3.	पारंपरिक लोक गीत, लोक भजन, सूफ़ी, भांड राजस्थान से, संगीत वाद्यों का वादन, जनगाथा राजस्थान, सिमफोनी मांगानियर	भुगरा खान एंड ग्रुप, राजस्थान	श्री भुगरा खान
4.	भांड नृत्य, देखागो राधा माधवा चाली, सुकुमारी आंगे कलासी अमे ओडिया रे अमे ओडिया	अराधना डांस अकादमी ओडिसा	सुश्री चित्र सेन स्वैन
5.	बगुरूम्भा, डाहल थुंगरी, म्वसग–लांगनई डायोश्री – देलाई, बार्डविशखला बिरगवस्री, सोटरोली (थुंगरी सिबनई)	सिफुंग हरियम एफेड, असम	श्री नंदूलाला बसुमतरई
6.	ओग्गुडोलु	कुंता सदाइयाह ओग्गुडोलु ग्रुप, तेलांगना	श्री कुंता सदाइयाह
7.	कलारीपहु मैयायटु, अदी वीसा (वीसल) कोलथारी अंकाथारी, वेरूमकई सर्वोड फाइट	हिंदुस्तान कलारी संगम, केरल	सुश्री एम. राधिका गुरुक्कल
8.	भांगरा, लुडी, झूमर, लोकगीत	पंजाबी लोक कला केन्द्र, पंजाब	श्री मंजीत सिंह
9.	बधाई लोकनृत्य, संज्ञा लोक नृत्य, गणगौर, कांगवालिया, मयूर नृत्य, पनिहारी लोक नृत्य	प्रतिकल्प संस्कृति संस्थान, मध्य प्रदेश	सुश्री कुमार किशन
10.	डांडिया रास, गरबा तिप्पानी नृत्य, तलवार रास, डांगी नृत्य	कलरव सेवा ट्रस्ट, गुजरात	सुश्री देवयानी जे रावल
11.	पशुमुख नृत्य एनिमल मास्क डांस कांधेई नृत्य (पपेट डांस) कोंथीसाला, पलका अखाड़ा	बिचित्र बरनाली नृत्य संस्था ओडिसा	श्री आलोक बिशनोई
12.	खोरला थिसु मिसावा, खान्गासी मिसावा	तिवा भाखा संस्कृति चर्चा समिति, असम	श्री राहिन बांगथाई
13.	नखा संगा मिसावा, लांगखोन मिसावा बिस्तुरिमा मिसावा	चर्चा समिति असम	श्री राहीन बांगथेई

लोक एवं पारम्परिक रंगमंच

क्र. सं.	नाटक के नाम	ग्रुप का नाम	निर्देशक का नाम	प्रस्तुति की तिथि
1.	अंगकिया भाओना राम बिजोय	मंजुला कला केन्द्र, असम	श्री भाबेन हज़ारिका	10.11.2019
2.	गोसियन पाथेर	नेशनल भांड थिएटर, जम्मू कश्मीर	श्री शाह–ए–जहान अहमद भगत	11.11.2019
3.	चक्रव्यूह नृत्य नाटिका	यक्षगान केन्द्र कर्नाटक	गुरु संजीव सुरमा	12.11.2019

(बाल संगम 2019 का फोटोग्राफ)

दिसंबर, 2019

- संस्कार रंग टोली 10 से 14 दिसंबर 2019 के दौरान हैदराबाद गई और बाल रंगमंच समारोह में प्रतिभागिता की जिसमें टोली ने कुल 10 शो यानि 05 शो 'पार समंदर' नाटक से और 05 शो 'किस्से सूझ बूझ के' नाटक को जुबली हिल्स, एचसीटीएफ हैदराबाद में स्कूली बच्चों और आम जनता के लिए मंचित किया गया।

जनवरी, 2020

- संडे क्लब समारोह एल टी जी सभागार, कॉपरनिक्स मार्ग, नई दिल्ली में 6–12 जनवरी 2020 को प्रतिदिन सायं 6.00 बजे 7 नाटकों का एक उत्सव आयोजित किया गया जिसको नाटकों में प्रतिभागिता करने वाले बच्चों के अभिभावकों और आम जनता द्वारा देखा गया।

संडे क्लब रंगमंच समारोह
(06 जनवरी 2020) एल टी जी सभागार, नई दिल्ली

दिनांक	नाटक का नाम	आयु वर्ग
(संडे क्लब पार्ट–I)		
6 जनवरी 2020	नन्हा दिमाग बड़ा दिल	8–10
7 जनवरी 2020	द रियल मी	10–12
8 जनवरी 2020	पहेली	12–14
9 जनवरी 2020	क्षितिज की ओर	14–17
(संडे क्लब पार्ट–II)		
10 जनवरी 2020	वैब	11–14
11 जनवरी 2020	रंगीन परछाई	14–18
(संडे क्लब पार्ट–III)		
12 जनवरी 2020	प्रस्थान	16–19

- 22 जनवरी 2020 से 25 जनवरी 2020 तक विभिन्न स्कूलों के बच्चों के लिए 'पार समंदर' बाबला और बापू' @ साबरमती आश्रम के शो मंचित किए गए।

- **बच्चों के लिए नाटक की नई प्रस्तुतियाँ/प्रदर्शन – फरवरी 2020 के तीसरे सप्ताह से मार्च, 2020 के अंतिम सप्ताह तक**

  टाई कंपनी का मुख्य फोकस विशेष आयु वर्ग के बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए सृजनात्मक, पाठ्यक्रम पर आधारित और प्रतिभागितापूर्ण नाटकों को स्कूलों में प्रदर्शित करना है, इस उद्देश्य के साथ कि वे बच्चों में जागरूकता सृजित कर सकें और उनके प्रश्न पूछने, निर्णय लेने और रंगमंचीय कौशल को मुख्यधारा के विकल्प के रूप में अपना सकें।

- टाई कलाकारों के साथ श्री विक्रम मोहन द्वारा 25 फरवरी से 2 मार्च 2020 गति संचालन पर कक्षाएं संचालित की गईं।

- टाई कलाकारों (टाई कंपनी) के साथ टाई प्रमुख द्वारा 28 फरवरी से 11 मार्च तक नई प्रस्तुति के लिए तैयारी एवं कक्षाएं संचालित की गई।

- बाद में कोविड–19 महामारी के कारण विद्यालय 30 मार्च 2020 तक बंद रहा।

विस्तार कार्यक्रम

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय अपने छात्रों को 3 वर्षीय डिप्लोमा के लिए एकीकृत प्रशिक्षण उपलब्ध कराता है। इस पाठ्यक्रम में प्रतिवर्ष सीमित छात्रों को ही प्रवेश दिया जाता है, जबकि आवेदकों की संख्या सैकड़ों में रहती है। कई तरह की प्रत्यक्ष बाधाओं के कारण विविध राज्यों में रहने वाले विभिन्न भाषाओं और सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों वाले अधिकांश रंग कलाकार रा.ना.वि. द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से लाभान्वित नहीं हो पाते, इसलिए उन रंगकर्मियों तक पहुँचने और पूरे भारत में रंगमंच के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने 1978 में स्थानीय भाषाओं में 'विस्तार कार्यक्रम' नामक एक अल्पकालीन शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया। इस कार्यक्रम के एक भाग के रूप में स्थानीय एजेंसियों के सहयोग से प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशालाएं, प्रस्तुतिपरक बाल रंगमंच कार्यशालाएं, रंगमंच आदि पर शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि आयोजित किए जाते हैं। इस कार्यक्रम को यथासंभव व्यापक बनाने के प्रयास किए गए हैं ताकि इसे देश के सभी क्षेत्रों तक ले जाया जा सके, विशेष रूप से उन क्षेत्रों तक जो कि ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में हैं।

शैक्षिक वर्ष 2019–20 के दौरान रा.ना.वि. के विस्तार कार्यक्रम द्वारा निम्न कार्यशालाओं का संचालन किया गया :

01/04/2019 से 31/03/2020 तक संचालित रंगमंच कार्यशालाओं की सूची

क्रम सं.	प्रोजेक्ट/कार्यशालाएं	सहयोगी संस्था	कार्यशाला की अवधि
1.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	निर्माण कला मंच पटना, बिहार	20/04/2019 से 1/05/2019 तक
2.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	नागरिक नाटक मंडली, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	15/5/2019 से 30/06/2019 तक
3.	बच्चों के लिए प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	नागरिक नाटक मंडली, वाराणसी (उत्तर प्रदेश)	15/5/2019 से 23/06/2019 तक
4.	रंगमंच मूल्यांकन कोर्स	रानावि द्वारा स्वयं संचालित	27/05/2019 से 04/06/2019 तक
5.	बच्चों के लिए प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	आई टी एम युनिवर्सिटी ग्वालियर (मध्य प्रदेश)	29/8/2019 से 27/9/2019 तक
6.	21 दिवसीय प्रस्तुति सह तकनीकी रंगमंच कार्यशाला	नाटक थिएटर ग्रुप एंड नूतन कला निकेतन ग्रुप बालाघाट (मध्य प्रदेश)	25/8/2019 से 14/9/2019 तक
7.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	ब्रोकन सर्कल जयपुर, राजस्थान	12/9/2019 से 11/10/2019 तक
8.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	ज्योति आर्ट ग्रुप जयपुर, उत्तर प्रदेश	14/9/2019 से 13/10/2019 तक
9.	रंगमंच मूल्यांकन कोर्स	विवेचना रंगमंडल जबलपुर, मध्य प्रदेश	15/10/19 से 24/10/19 तक
10.	21 दिवसीय तकनीकी रंगमंच कार्यशाला	स्कूल ऑफ ड्रामा, फाइन आर्ट युनिवर्सिटी ऑफ कालीकट, त्रिशूर, केरल	13/11/2019 से 03/12/2019 तक
11.	30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	लोकजाग्रति नाट्य कला केन्द्र साँस्कृतिक, शैक्षणिक सामाजिक संस्था, चंद्रापुर, नादेड, महाराष्ट्र	29/11/2019 से 28/12/2019 तक

12.	90 दिवसीय नाट्यलेखन कार्यशाला	महाराष्ट्र एजुकेशन सोसायटी कॉलेज ऑफ परफोर्मिंग आर्ट पुणे, महाराष्ट्र	22/10/2019 से 21/01/2020 तक
13.	30 दिवसीय प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	युवा मंच दमोह, मध्य प्रदेश	8/12/2019 से 06/01/2020 तक
14.	28 दिवसीय प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	माथोवखुर मिरोमिसिंग नाट्य दल, पो.ऑ. अहोमणि, ज़िला लखीमपुर, असम	25/2/2020 से 22.03.2020 तक

प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशालाओं की सूची

क्रम सं.	प्रोजेक्ट / कार्यशालाएं	सहयोगी संस्था	कार्यशाला की अवधि
1.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	संस्कार भारती रांची, झारखण्ड	12/08/2019 से 12/09/2019 तक
2.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	इंदिरा गाँधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी, अमरकंटक, मध्य प्रदेश	29/09/2019 से 04/11/2019 तक

उत्तर–पूर्व क्षेत्र में संचालित रंगमंच कार्यशालाओं की सूची

क्रम सं.	प्रोजेक्ट / कार्यशालाएं	सहयोगी संस्था	कार्यशाला की अवधि
1.	बाल रंगमंच कार्यशाला	हरिचंदनपुर केयोनझार ज़िला ओडिशा	20/05/2019 से 18/06 2019 तक
2.	बाल रंगमंच कार्यशाला	पालाहारा अंगुल ज़िला ओडिशा	21/05/2019 से 19/06/2019 तक
3.	गुवाहाटी, असम में बच्चों की रंगमंच कार्यशाला	गति असम, गुवाहाटी असम	12/7/2019 से 29/07/2019 तक
4.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	क्रिश्टिर कोथिया जोरहाट, असम	26/9/2019 से 25/10/2019 तक
5.	प्रस्तुतिपरक रंगमंच कार्यशाला	बसेल बर्द्रस क्रिएशन कलकटंग, अरुणाचल प्रदेश	16/10/2019 से 15/11/2019 तक

राजभाषा विभाग

अप्रैल, 2019 से मार्च, 2020 तक राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियाँ

राजभाषा गतिविधियाँ

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण :

- **संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली पर कार्यशाला** : संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी देने के लिए 13 अगस्त 2019 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। श्री वेद प्रकाश गौड, निदेशक (रा.भा.), संस्कृति मंत्रालय को कार्यशाला विशेषज्ञ के रूप में संबंधित कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया गया। श्री वेद प्रकाश गौड ने प्रतिभागियों को उपरोक्त विषय पर व्यवहारिक रूप पर जानकारी दी।

(कार्यशाला के दृश्य)

- **हिन्दी उत्सव** : विद्यालय में 1–30 सितंबर तक हिन्दी उत्सव का आयोजन किया जिसमें निम्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई; जैसे; टिप्पण एवं प्रारूपण पर प्रतियोगिता, सुलेख एवं श्रुतलेख प्रतियोगिता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता, शुद्ध हिन्दी वार्तालाप प्रतियोगिता, पहेली प्रतियोगिता।

(हिंदी उत्सव 2019 का उद्घाटन)

प्रतिभागियों का उत्साह बढाने एवं साथ ही प्रतिस्पर्धा का वातावरण सृजित करने के लिए पुरस्कार रखे गए जिसके अंतर्गत क्रमशः रु. 3100/–, 2500/–, 2100/– एवं 1500/– राशि के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार थे।

- **''हिन्दी : राष्ट्रीय एकता एवं संस्कृति की एक कड़ी'' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन** : ''हिन्दी : राष्ट्रीय एकता एवं संस्कृति की एक कड़ी'' विषय पर दिनांक 20 सितंबर 2019 को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में संस्कृति मंत्रालय के निदेशक (रा.भा.), श्री वेद प्रकाश गौड एवं नगर राजभाषा कार्यांवयन समिति के सचिव श्री अशोक कुमार एवं विद्यालय से प्रभारी निदेशक, प्रो. सुरेश शर्मा एवं रजिस्ट्रार, श्री प्रदीप कुमार मोहन्ती ने वक्ता के रूप में उपरोक्त विषय पर अपने विचार साझा किए।

- **[redacted]ोटिंग–ड्राफ्टिंग विषय पर कार्यशाला** : कार्यालयी कर्मचारियों को दैनिक कार्यालय कार्यों में काम आने वाले टिप्पण एवं प्रारूपण की व्यावहारिक रूप से जानकारी देने के लिए 15 नवंबर 2019 को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रेलवे बोर्ड के निदेशक (राजभाषा) श्री वरूण कुमार को कार्यशाला विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया।

प्रकाशन कार्यक्रम

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का प्रकाशन एकक रंगमंच विषयक पुस्तकों का और रंगमंच पर महत्वपूर्ण पुस्तकों के अंग्रेज़ी से हिन्दी अनुवादों का प्रकाशन करता है। इस कार्यक्रम के नियमित प्रकाशन रंगप्रसंग, राजभाषा मंजूषा और थिएटर इंडिया हैं।

रंग प्रसंग

हिन्दी की त्रैमासिक पत्रिका रंग–प्रसंग को प्रकाशित करने की शुरुआत वर्ष 1998 से हुई। इसका प्रत्येक अंक मुख्यतः रंगमंच गतिविधियों के किसी एक क्षेत्र विशेष पर समर्पित रहता है। इसके अतिरिक्त इसमें रंगमंच और नाट्य कलाओं की विभिन्न तकनीकों पर नाटक और आलेख भी प्रकाशित किए जाते हैं।

राजभाषा मंजूषा

(हिन्दी पत्रिका–अर्द्धवार्षिक)

हमारे गणतंत्र की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने कुछ नए कार्यक्रम शुरू किए। हिन्दी में 'राजभाषा मंजूषा' नाम से एक नई पत्रिका का प्रकाशन उन्हीं में से एक है। इस पत्रिका का प्रवेशांक सितंबर, 1999 में प्रकाशित हुआ। पत्रिका का उद्देश्य राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को हिन्दी में कामकाज करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें साहित्य सृजन की प्रेरणा देना है।

थिएटर इंडिया

(अंग्रेज़ी पत्रिका–अर्द्धवार्षिक)

वर्ष 1999 में प्रारंभ हुई थिएटर इंडिया विद्यालय की अर्द्धवार्षिक अंग्रेज़ी पत्रिका है जो भारत की मौजूदा सांस्कृतिक और रंगमंचीय परंपराओं को व्यापक परिप्रेक्ष्य प्रदान करती है। इसका उद्देश्य रंगमंच प्रेमियों को भाषा, क्षेत्र और संस्कृति की बाधाओं को मिटाकर कला के असंख्य रूपों से अवगत करवाना है। इस पत्रिका के माध्यम से विद्यालय भिन्न–भिन्न भाषाओं की पृष्ठभूमि के पाठकों के बीच दूरी पाटने का प्रयास करता है। थिएटर इंडिया पत्रिका, शुल्क द्वारा प्राप्त की जा सकती है।

क्रम सं.	दिनांक	विवरण	प्रतियों की संख्या
01	15.04.2019	हिन्दी रंगमंच : एक दृश्य यात्रा	600
02	24.05.2019	मनोहर सिंह (री–प्रिंट)	400
03	24.05.2019	दातोन डैथ (री–प्रिंट)	400
04	24.05.2019	परम्पराशील नाट्य (री–प्रिंट)	400
05	24.05.2019	इक शून्य बाजीराव (री–प्रिंट)	400
06	24.05.2019	बेग़म बर्वे (री–प्रिंट)	400
07	24.05.2019	बी. एम. शाह (री–प्रिंट)	400
08	24.05.2019	आषाढ़ का एक दिन (री–प्रिंट)	400
09	24.05.2019	इंडियन थिएटर (री–प्रिंट)	400
10	05.07.2019	राजभाषा मंजूषा अंक–22	500
11	05.07.2019	रंग प्रसंग अंक – 51	1100

12	14.10.2019	रंग प्रसंग अंक – 52	1100
13	31.01.2020	इंडियन मैथड इन एक्टिंग (री–प्रिंट)	1100
14	05.02.2020	वार्षिक प्रतिवेदन 2018–2019	500
15	27.02.2020	राजभाषा मंजूषा अंक–23	500
16	02.03.2020	प्रोस्पैक्टस 2020	250

रा.ना.वि. केन्द्र

रा.ना.वि. ने अपने बाह्य पहुँच कार्यक्रम के समेकन के अंतर्गत चार केन्द्रों की स्थापना की जो निम्न प्रकार से है :

– बैंगलुरु (कर्नाटक)

– गंगटोक (सिक्किम)

– अगरतला (त्रिपुरा)

– वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

रा.ना.वि. बेंगलुरु केन्द्र

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली ने अपनी रंगमंच गतिविधियों का विस्तार किया जब इसने वर्ष 1994 की शुरूआत में बैंगलूरु ने क्षेत्रीय संसाधन केन्द्र स्थापित किया। उस समय से अब तक बैंगलूरु केन्द्र 'अभिनय में एक वर्षीय गहन पाठ्यक्रम' के चौथे संस्करण के पूर्ण कर एक पूर्ण रूप से समग्र केन्द्र के रूप में विकसित हुआ है। बैंगलुरु केन्द्र ने रंगकर्मियों के लाभ के लिए वर्ष 2014 से अभिनय में एक वर्षीय पाठ्यक्रम आरंभ किया है।

रा.ना.वि. बेंगलुरु केन्द्र ने अपने छात्रों को अभिनय कौशल की एक अलग ही किस्म की शैली में प्रशिक्षण देने को महत्व दिया है। बेंगलुरु केन्द्र का पाठ्यक्रम दक्षिण भारत के उत्तम पारंपरिक एवं लोक कला रूपों से निकाली गई अभिनय पद्धतियों द्वारा अभिनय की भारतीय पद्धति को विकसित करने के प्रयास का परिणाम है जो कि पूर्ण एवं बहुमुखी प्रतिभाशाली कलाकारों को तैयार करने के लिए प्रयासरत है। इसके पाठ्यक्रम के माध्यम से दक्षिण भारत की सशक्त प्रदर्शनकारी कलाएं जिनका नाट्यशास्त्र में उल्लेख किया गया है, में से अभिनय के तत्व को निकाला गया है और अभिनय की अत्यंत अनूठी पद्धति का प्रयोग कर आधुनिक कलाकार को तैयार करने में इसका प्रयोग किया गया है। इस तरह बेंगलुरु केन्द्र ने शिक्षण की एक अलग–सी व अनूठी शैली विकसित की है जो कि अपने दिल्ली के मुख्य संस्थान के पाठ्यक्रम से व्यापक स्तर पर भिन्न है।

जैसा कि रानावि बेंगलुरु केन्द्र अपने मुख्य स्थान रानावि, नई दिल्ली की तर्ज पर आधारित है, बेंगलुरु केन्द्र के कार्यक्रम पारम्परिक दक्षिण भारत में लोककला, रंगमंच और रंगमंच प्रशिक्षण पर भी विशेषकर केन्द्रित है। वर्तमान में रानावि बेंगलुरु केन्द्र द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय गहन पाठ्यक्रम, ऐसे छात्र जो अपने कौशल को परिष्कृत करना चाहते हैं, उनको एक बृहत मंच प्रदान करता है।

बेंगलुरु शहर यात्रा –राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र के निदेशक के निर्देशन में वर्ष 2019–20के छात्रों ने बेंगलुरु शहर की यात्रा की। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की भविष्य की गतिविधियों के एक भाग के रूप में गतिविधियों के विस्तार के लिए कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों की जानकारी का लाभ प्राप्त करने के लिए इस यात्रा का आयोजन किया गया था।

वर्ष 2019–20 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की एक गतिविधि के रूप में ऐतिहासिक महत्व के स्थानों को जानने के लिए केन्द्र के निदेशक के मार्गदर्शन में केन्द्र के छात्रों ने बेंगलुरु, जनपद लोक, रामनगर, विधान सौदा, जवाहरलाल नेहरू तारामंडल, नंदी हिल्स, दौड्डाबाला पुत्र और कालरी वार्षिक प्रदर्शन चौडाइया मेमोरियल हॉल का भ्रमण किया।

शारीरिक गति संचालन की कक्षाएं – सुश्री मेलोडी डोरकस

गति का अर्थ है, जहां अभिनेता रंगमंच पर जाते हैं, इससे दर्शकों को क्या संदेश जाता है और इससे नाटक पर क्या प्रभाव पड़ता है। शारीरिक पद्धतियां जो अभिनेता किरदार के साथ जोड़ने में प्रयोग करते हैं जैसे जल्दी चलना, आराम से चलना या धीरे चलना। किरदार को संप्रेषित करने के लिए अभिनेता किस प्रकार गति और स्थान का उपयोग करते हैं। सुश्री मेलोडी

डोरकस द्वारा अनूठी शिक्षण तकनीकों द्वारा कक्षाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

द्रविडियन भाषाओं का साहित्य आंदोलन

जैसाकि द्रविड़ियन दुनिया में साहित्य आंदोलन का एक प्रमुख हिस्सा है, इसके कई उप–खंड हैं जो विभिन्न कालखंड में बंटे हुए हैं। हर भाषा का अपना इतिहास है और भाषाओं के असंख्य रूप (प्राचीन, आधुनिक, उत्तर आधुनिक आदि) हैं और हर समय की अवधि ने भाषा और समाज के विकास में अपना अनूठा योगदान दिया है। उच्च ख्याति के विशेषज्ञों और भाषाविदों ने छठे बैच के छात्रों के लिए कक्षाएं लीं। डॉ. मेटी मल्लिकार्जुन ने भाषा विज्ञान के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. के. नारायणस्वामी, प्रख्यात कवि, नाटककार ने कन्नड़ भाषा की कक्षाएं लीं। डॉ. सरथचंद्र, पूर्व डीन ने मलयालम भाषा पर आधारित भाषा विज्ञान की व्याख्या की और डॉ. डेविड विल्सन ने तमिल भाषा पर प्रकाश डाला।

श्री बसवालिंगैया द्वारा रंगमंच खेल और अभिनय कक्षाएं

रंगमंच खेल की परंपरा अभिनेताओं के प्रशिक्षण की एक विधि है जो 20 वीं शताब्दी में जोआन लिटलवुड, वियोला स्पोलिन, पॉल सिल्स, क्लाइव बार्कर, कीथ जॉनस्टोन, जेरजी ग्रोटोव्स्की और ऑगस्टोन बोआल जैसे कलाकारों द्वारा विकसित की गई थी। रंगमंच खेल का उपयोग आमतौर पर सुधारवादी रंगमंच के विकास में, पूर्वाभ्यास या प्रदर्शन से पहले अभिनेताओं के लिए वार्म–अप अभ्यास के रूप में किया जाता है, और पार्श्व सामग्री के रूप में नाटकीय सामग्री का पूर्वाभ्यास किया जाता है। वे वास्तविक जीवन में भय उत्पन्न करने वाले परिदृश्यों का अनुकरण करके चिंता को दूर करने के लिए नाटक चिकित्सा में भी उपयोग किए जाते हैं। श्री बसवालिंगैया ने छात्रों की योग्यता और सीमाओं को समझकर उनके साथ व्यक्तिगत बातचीत करके इसे और भी दिलचस्प बना दिया।

श्री समुहा सुरेश द्वारा जीवंत कला (लाइव आर्ट)।

लाइव आर्ट शब्द का अर्थ किसी कलाकार या कलाकारों के समूह द्वारा कला के काम के रूप में किए गया प्रदर्शन या चलाए गया कार्यक्रम या अभिनीत नाटक को दर्शाता है, जो आमतौर पर प्रकृति में अभिनव और खोजपूर्ण होते हैं। श्री सुरेश, एक प्रतिष्ठित कलाकार ने छात्रों को विभिन्न प्रदर्शनों में शामिल किया और उन्हें व्यावहारिक अनुभव दिया।

श्री उन्नीकृष्णन द्वारा मुदियेट्टू , केरल

पारंपरिक धार्मिक थिएटर और लोक नृत्य नाटक है जो देवी काली और दानव दारिका के बीच लड़ाई की पौराणिक कहानी को अभिनीत करता है। यह धार्मिक अनुष्ठान भगवती या भद्रकाली संप्रदाय का एक हिस्सा है। कटाई के मौसम के बाद फरवरी और मई के बीच भद्रकाली मंदिरों, देवी के मंदिरों में यह नृत्य किया जाता है। वर्ष 2010 में मुदियेट्टू को यूनेस्को के प्रतिनिधियों द्वारा बनाई गई मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में अंकित किया गया था, जो कुडियट्टम के बाद केरल का दूसरा कला का रूप बन गया।

गुरु उन्नीकृष्णन और उनकी टीम ने छात्रों को केरल के कर्मकांड संबंधी रंगमंच सीखने में सहायता की और छात्रों द्वारा इस शैली का प्रदर्शन किया गया।

कर्नाटक के श्री विभूति गुंडप्पा द्वारा हागलु वेषा

कर्नाटक का पारंपरिक रंगमंच का रूप, जो कर्नाटक के उत्तरी भाग में फैला हुआ है। हागलु वेषा में, रामायण और महाभारत के पात्र जीवंत होते हैं। पुरुष महिला की भूमिकाएं निभाते हैं क्योंकि महिलाओं का सार्वजनिक रूप से आना मना है। कलाकारों द्वारा जीवंत संगीत और गायन का प्रदर्शन इसकी पहुंच में इसे और भी अधिक अनूठा बनाता है।

छठे बैच के छात्रों को दो अलग–अलग सार्वजनिक स्थानों में हागलु वेषा का प्रदर्शन करने का अवसर मिला और उन्हें दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली।

श्री रेवनासिद्दप्पा द्वारा पार्श्व मंच और कला की कक्षाएं

श्री रेवनासिद्दप्पा ने छात्रों को कला के विभिन्न रूपों में पार्श्व मंच और कला की कक्षाओं में शामिल किया। विभिन्न प्रकार के साधन अर्थात् मिट्टी, लकड़ी, फोम शीट और अन्य पर प्रयोग छात्रों के लिए सीखने का एक मौका था।

श्री प्रसाद द्वारा योग कक्षाएं

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र ने हमेशा योग के महत्व को शरीर और मन के संबंध और समन्वय के माध्यम के रूप में समझा है। इस अभ्यास के एक भाग के रूप में, हम छात्रों के लिए कक्षाएं आयोजित करते हैं ताकि वे किसी भी प्रकार के पात्रों को निभाने के लिए खुद को तंदरुस्त और लचीला रख सकें। श्री प्रसाद ने छात्रों को इसे रोजमर्रा की आदत बनाने में मदद करने के लिए इस अनुभव को और भी अधिक सरल और अधिक संप्रेषणीय बनाया है।

श्री मुत्तन्ना दतनाल और श्री दादापीर द्वारा मल्लखंबा, कर्नाटक

मल्लखंबा एक पारंपरिक खेल है, जिसका उद्भव भारतीय उपमहाद्वीप से होता है, जिसमें एक जिमनास्ट एक ऊर्ध्वाधर स्थिर या लटकते लकड़ी के खंबे, बेंत या रस्सी के साथ संगीत कार्यक्रम में हवाई योग मुद्राएं और कुश्ती करता है। मल्लखंब शब्द का अर्थ खेल में प्रयुक्त खंबे से भी है। खंबा आमतौर पर शीशम (भारतीय शीशम) से बनाया जाता है और जिसे अरंडी के तेल से पोलिश किया जाता है। मल्लखंभ के तीन लोकप्रिय प्रकारों का अभ्यास शीशम के खंबे, बेंत, या रस्सी का उपयोग करके किया जाता है।

कर्नाटक के जाने माने अनुशिक्षक श्री मुत्तन्ना दत्तनाल ने इन कक्षाओं की राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र के पूर्व छात्र, श्री दादापीर के साथ शुरुआत की।

बेरालजी कोरल नाटक – श्रीमती प्रसन्ना रामास्वामी, चेन्नई द्वारा निर्देशित।

''बेराल जी कोरल'' – (ए थ्रोट फॉर ए फिन्गर) राष्ट्र कवि प्रतिष्ठित कुवेम्पु की काव्य कृति पर आधारित एकलव्य की कहानी की नृत्य प्रस्तुति है। कुवेम्पु कर्नाटक के पहले कवि थे जिन्होंने ज्ञानपीठ पुरस्कार जीता।

कवि की व्याख्या के अनुसार, एकलव्य प्रसिद्ध गुरु द्रोण से धनुर्विद्या सीखने के लिए हस्तिनापुर शहर में आता है। पांडव राजकुमारों की ईर्ष्या के कारण द्रोण उसे प्रशिक्षित करने में असमर्थ हैं और इसलिए उसे अपने बेटे अश्वथामा की देखरेख में सीखने की सलाह देते हैं। पिता की मृत्यु के बारे में सुनकर एकलव्य को कुछ समय बाद अपने जंगल में लौटना पड़ा। वह कभी भी हस्तिनापुर नहीं लौटता लेकिन अपने गुरु की प्रतिमा के सामने तीरंदाजी का अभ्यास करता है। वह सपना देखता है कि उसके गुरु ने उसे सपने में दिखाई दिए और उसे सभी शस्त्र (हथियार) प्रदान किए और उसे शब्दभेदी विद्या (सुनकर निशानेबाजी की कला) सिखाई।

एकलव्य ने इस कला में निपुणता हासिल की और अंत में अर्जुन का सामना किया। पांडव राजकुमार, जिससे गुरु द्रोण ने वादा किया था कि किसी और को शब्दभेदी विद्या नहीं सिखाई जाएगी, एकलव्य को देखकर नाराज है। अंत में, अपने शिष्य अर्जुन को खुश करने के लिए द्रोण ने एकलव्य से अपनी गुरु दक्षिणा के रूप में अपना दाहिना अंगूठा देने के लिए कहा। प्रसन्ना ने एकलव्य की भूमिका निभाई और पुलकेशी ने अन्य सभी पात्रों की भूमिका निभाई। बीच में संवादों का उपयोग करते

हुए, एक नाटकीय पृष्ठभूमि वाले दोनों नर्तकों ने ''बराल जी कोरल'' के मूल संवादों को निष्पादित किया। सप्ताहांत के दौरान नाटक का प्रदर्शन 15 नवंबर से 1 दिसंबर 2019 तक कक्षा प्रस्तुतिकरण के एक हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था।

श्री एच. जी. श्रीनिवास प्रसाद द्वारा कन्नड़ की कक्षाएं

क्योंकि राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र अब रंगमंच के सभी दक्षिण भारतीय रंगमंच जोशीलों के लिए केन्द्र है और यहाँ की कन्नड़ भाषा इस राज्य की स्थानीय संस्कृति और भाषा को समझने में उनकी मदद करती है। दूसरे राज्य के छात्रों को राज्य की भाषा में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सत्र के दौरान इस भाषा की मूल बातें शामिल की गईं।

श्री बनानजी संजीव सुवर्णा द्वारा यक्षगान कक्षाएं

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र के छात्रों ने दिनांक 2 और 3 दिसम्बर,2019 को ''ओरु भंगा'' पर प्रस्तुति दी।

छठे बैच के छात्रों ने अभिजात कवि द्वारा लिखित, श्री बनानजी संजीव सुवर्णा द्वारा निर्देशित ''ऊरुभंगा'' का प्रदर्शन किया। नाटक यक्षगान प्रारूप में रचा गया था, जिसने दर्शकों को प्रसन्न किया।

श्री हसन रघु द्वारा बॉडी मूवमेंट और स्टंट की कक्षाएं

स्टंट एक असामान्य और कठिन शारीरिक कौशल है या एक विशेष कौशल की आवश्यकता वाला एक अभिनय है, जो आमतौर पर नाटक और सिनेमा में कलात्मक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

अनुभवी स्टंट संगीतकार और एक्शन निर्देशक ने बॉडी मूवमेंट और स्टंट पर कक्षाएं संचालित कीं। यह मूल रूप से एक अभिनेता के लिए किसी भी स्थिति में लचीला और अनुकूली बनाने के लिए कक्षाओं को शुरू किया गया था।

चेन्नई के श्री राजेश द्वारा अभिनय की कक्षाएं

युवा और होनहार अभिनेता और अभिनय प्रशिक्षक ने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र में छठे बैच के छात्रों के लिए कक्षाएं संचालित कीं। कक्षाओं का मुख्य केन्द्रबिंदु छात्रों को बड़े पैमाने पर दर्शकों के सामने प्रस्तुत करना था। छात्रों को सिद्धांत समझाने के लिए सत्रों को रोचक और खेलों के उन्मुख बनाया गया।

कर्नाड उत्सव

सृष्टि स्कूल ऑफ डिजाइन के सहयोग से राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र ने अनुभवी नाटककार और ज्ञानपीठ पुरस्कार से समानित श्री गिरीश कर्नाड द्वारा भारतीय और विश्व रंगमंच के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान की सराहना करने के लिए कर्नाड उत्सव का मंचन किया।

दोनों संस्थानों के छात्रों ने प्रदर्शन कला के विभिन्न रूपों में भाग लिया। इसमें अधिष्ठापन, संगीत, वृत्तचित्र, अंतरिक्ष विशिष्ट डिजाइन और रंगमंच प्रस्तुतियां शामिल थीं।

गिरीश कर्नाड के प्रमुख नाटकों – हयवदना, नागमंडला और अग्नि मट्टू के दृश्यों की प्रस्तुति का मंचन स्थानीय उत्साह के साथ किया गया।

करिया देवरा हुडुकी – नाटक प्रस्तुति

वर्तमान बैच के सेमेस्टर के अंत में प्रस्तुति के एक भाग के रूप में, छात्रों ने ''करिया देवरा हुडुकी'' एक नाटक अभिनीत किया जो मूल रूप से श्री जी. संकरा पिल्लई द्वारा लिखा गया था और डॉ. ना दामोदरा शेट्टी द्वारा अनुदित था।

नाटक के बारे में:

करिया देवरा हुडुकी (करुत्ता दैवते तेडी) प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक लम्बी गाथा है जो अपने जीवन के विभिन्न चरणों का पता लगाने और उन्हें प्राप्त करने की इच्छा रखता है। आलोचकों ने इसे प्रतीकात्मक रूप से समझते हुए लेखन के माध्यम से नाटक की सराहना और निंदा करके अपने विचारों को व्यक्त किया है। नाटक कभी भी किसी भी राजनीतिक दल या धार्मिक भावनाओं या किसी भी संप्रदाय के घोषणापत्र को अभिव्यक्त या उसका प्रचार नहीं करता है। अन्वेषण प्रत्येक मनुष्य के लिए अपरिहार्य हो जाता है। विपत्तियों से भागना भी मुशकिल हो जाता है। पुजारी, भाग्य बताने वाले, धार्मिक नेता, राजनीतिक टाइकून उसे कई तरह के न्यायपूर्ण भगवान की ओर ले जाते हैं। वह सांसारिक भार के तले दब जाता है जिसने उसे बहरा, गूंगा बना दिया है और अंत में लोग उससे रिश्ते नाते तोड लेते हैं, जिनके लिए उसने जीवन भर संघर्ष किया।

ऐसा लगता है कि इन स्थितियों का कोई अंतिम समाधान नहीं है – इसी तरह के दृश्य सदियों से असंख्य रूपों और कहानियों में दोहराए जाते हैं।

एक नाटक के माध्यम से इन रूपकों को रखने की इच्छा पूरी होती है। नाटक का विषय स्थान और समय परे आगे तक जा सकता है। इसके फलस्वरूप, नाटक के प्रभाव और जीवंतता को समृद्ध करने के लिए इसे संशोधित किया जा सकता है।

पात्र परिचय :

नाम	भूमिका
नंदीश शिवप्पा गौड़ा	मार्गदर्शी
कविता एस	माँ
भाव्या वेंकटेश्वरन	पत्नी
दीक्षित एस सुवर्णा	सबसे बडा बेटा
राघवेंद्र जी	दूसरा बड़ा बेटा

अनूप ए बेलवी	तीसरा बेटा
दीपक एस	चौथा बेटा
अभिजात जोशी	पांचवें बेटा
सुरेन्द्र कुमार	मूगा (गूंगा)
मल्वेलम हनुमथ राव	विदूषक
निधीश के. के.	मुख्य पुजारी / जनजाति / वन
मुकिल के एस	जनजाति / वन
नागार्जुन तिरुमाला सेटी	जनजाति / वन
शरथ कारंथ एम जी	जनजाति / वन / भूतहा कोला
नरेश कुमार एम	जनजाति / वन
हरनीत कौर	जनजाति / वन
बंदारी दिव्या	जनजाति / वन
स्वाथिलक्ष्मी पेरुमल	जनजाति / वन
रेवती मोल	जनजाति / वन

नाटक रचयिता (मलयालम) : श्री जी. शंकर पिल्लई

कन्नड़ में अनुवाद : डॉ. ना दामोदाहा शेट्टी

कविता : बालचंद्रन चूलिक्कडू

सेट डिजाइन : श्री जयसिम्हा

प्रकाश डिजाइन : श्री एम. रवि

रूपसज्जा : श्री रामकृष्ण बेल्टूर

सहयोगी निदेशक : श्री राहुल श्रीनिवासन क्वॉल्डी

संगीत रचना : श्री चंद्रन वायटुम्मल

डिजाइन तथा निर्देशन : श्री चंद्रदासन

मौखिक (वाइवा) परीक्षा – 1 अर्धवार्षिक

छात्रों ने बीच में अपनी पहली परीक्षा लिखी। छात्रों की परीक्षा लेने और समयावधि में उनके द्वारा अर्जित ज्ञान के विस्तार को समझने के लिए पूरे दक्षिण भारत से निर्णायकों को आमंत्रित किया गया था। डॉ. अभिलाष पिल्लई, डीन और केन्द्र के कार्यालयाध्यक्ष, श्री सुरेश अनंगल्ली, श्रीमती जानकी, श्री चंद्रदासन और श्री सी. बसवालिंगैया, केन्द्र निदेशक, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, बेंगलुरु केन्द्र समिति में थे।

डोल्लुकिनिथा – श्री संतोष और टीम

डोल्लु कुनिथा, कर्नाटक का एक प्रमुख लोकप्रिय ढोल नृत्य है। गायन के साथ, यह शानदार विविधता और कौशल की जटिलता प्रदान करता है। बीरेश्वर या बीरलिंगेश्वर के पीठासीन देवता के आसपास बुना गया यह लयबद्ध मनोरंजन और आध्यात्मिक उन्नति दोनों प्रस्तुत करता है। ढोल नगाड़ों की थाप पर छात्रों को ताल, डांस स्टेप्स और खूब कोलाहल के साथ प्रशिक्षित किया गया। श्री रघु और श्री संतोष ने इस फॉर्म में छात्रों को प्रशिक्षित किया।

हलाक्की ओक्कलिगरू

कर्नाटक के उत्तरी केनरा जिले की एक प्रमुख जनजाति हलाकी ओक्कालिगा, मौखिक लोक परंपरा की समृद्ध विरासत के साथ आती है। समुदाय को पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती सुकरी बोम्मगौड़ा जैसे कलाकार की सौगात मिली है, जो 6 घंटे तक लगातार लोक महाभारत गा सकती हैं। सबसे अच्छी कविता कहानी कहने की परंपरा से आती है जिसे उन्होंने सदियों से आत्मसात किया हुआ है। स्वदेशी रूप से बनाए गए वाद्ययंत्र 'गुम्टे' का प्रयोग करके, वे सामुदायिक गायन और सहभगिता प्रस्तुत करते हैं।

छठे बैच के छात्रों ने श्रीमती नुगली गौडा और उनकी टीम की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण सत्र के बाद प्रदर्शन और कहानी कहने का भी अनुसरण किया गया।

नाटक पढने की कक्षाएं – श्री सी. बसवालिंगैया

छात्रों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र निदेशक ने गहरी दिलचस्पी ली। उन्होंने मालेगलल्ली मदुमगलु, आषाढ़ का एक दिन आदि प्रमुख नाटकों के पढने के सत्र का संचालन किया।

पराई– श्री अन्नामलाई और उनकी टीम

तमिलनाडु के लोक रूप के बारे में जानने के लिए टीम अन्नामलाई और टीम पराई नृत्य की कक्षाएं 15 दिनों के लिए आयोजित की गईं। तमिलनाडु की एक लोक कला के रूप में जानवरों की खाल से बने वाद्ययंत्र शामिल हैं। कक्षाओं का उद्देश्य एक बार फिर अभिनेताओं की लय की समझ और नृत्य को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण देना था। बीट्स का टेम्पो धीमी गति से तेज गति के साथ बदलता रहता है जिसमें कलाकार ताल से ताल मिला कर नृत्य करता है। यह रूप तमिलनाड की लोक जीवन की अभिव्यक्ति का एक अभिन्न अंग है।

बुर्राकथा– श्री बाबूजी और टीम, तेलंगाना

बुर्रा कथा, जिसे बुर्राकथा भी कहा जाता है, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के गांवों में प्रस्तुत की जाने वाली जंगम कथा परंपरा में एक मौखिक कहानी कहने की तकनीक है। मंडली में एक मुख्य कलाकार और दो सह कलाकार होते हैं। यह एक कथात्मक मनोरंजन है जिसमें प्रार्थनाएँ, एकल नाटक, नृत्य, गीत, कविताएँ और चुटकुले शामिल हैं। इसका विषय या तो हिंदू पौराणिक कहानी (जंगम कथा) या समकालीन सामाजिक मुद्दा होगा।

आवाज और भाषण – श्री एम के शंकर

आवाज और भाषण की कक्षाओं ने छात्रों को श्वास अभिज्ञता और शारीरिक और मुखर अन्वेषण के माध्यम से अपनी आवाज खोलने के लिए निर्देशित किया। एक अभिनेता को संचार को बढ़ाने के लिए उन आदतों की पहचान करना, जो आवाज को मुक्त और अभिव्यंजक होने से रोकते हैं, महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मुखर तनाव के पैटर्न से निपटने और शब्दों के साथ ठीक से तालमेल बिठाने की खोज है। अंत में, अभिनय सुधार सत्र और प्रदर्शन की कक्षाएं संचालित की गईं।

अभिनय और आवाज मॉड्यूलेशन –श्री विनय और श्रीमती चौत्रा जेटली

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के पूर्व छात्र श्री विनय और श्रीमती चौत्रा द्वारा आवाज और भाषण के साथ एक गहन अभिनय का प्रशिक्षण संचालित किया गया। सत्र में नई विधियां, एकाग्रता और पढ़ने और पात्रों को समझना शामिल था। यह श्वास, उच्चारण, बोली और उच्चारण से भी संबंधित था।

कंपनी थियेटर – श्री जयचंद्र, सुरभि थिएटर

श्री वेंकटेश्वर सुरभि थियेटर पारिवारिक थियेटर का एक संस्थान है जिसमें 60 से अधिक परिवार के सदस्य हैं। यह अपने पद्य नाट्यम (शास्त्रीय तेलुगु कविता नाटक) के प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध है जो रंगीन भ्रमजाल की पृष्ठभूमि, सेट और करामाती दृश्यों से सजी है। इस मंडली के बारे में दिलचस्प बात यह है कि इस मंडली के सभी कलाकार/तकनीशियन एक ही परिवार से हैं, उन्होंने अपना जीवन रंगस्थल (रंगमंच/मंच) को समर्पित कर दिया है। इस परिवार के कलाकारों के लिए कोई आयु सीमा या सेवानिवृत्ति नहीं है।

सुरभि परिवार के एक प्रमुख सदस्य श्री जयचंद्र ने छठे बैच के छात्रों के लिए पेशेवर थिएटर मंडली की विभिन्न प्रथाओं पर कक्षाएं संचालित कीं।

माइम और बॉडी मूवमेंट – श्री वाल्टर डिसूजा

माइम प्रदर्शन का एक रूप है जिसमें कोई बोली जाने वाली सामग्री नहीं होती, यह विशुद्ध रूप से शारीरिक होता है, जिसमें चाल, इशारे और चेहरे के भाव होते हैं। पेंटोमाइम माइम की तरह उसी मूल से आता है, लेकिन इसमें गायन, नृत्य और अत्यधिक अतिरंजित शारीरिकता शामिल है, जो आमतौर पर दुलारे बच्चों की कहानी का पुनर्वाचन है। माइम और पैंटोइम के नाटकीय रूप अक्सर भ्रमित होते हैं। वास्तव में वे उसी स्रोत से प्रस्फूटित होते हैं, जो प्राचीन रोमन थियेटर का एक अत्यधिक सांकेतिक रूप है।

कलारीपायट्टु – अटकलारी टीम

कलारीपयट्टू के बाद समकालीन नृत्य ने शरीर के लचीलेपन का एक नया विचार दिया। इससे किसी के शरीर की श्रेष्ठता और सीमा को समझने में बहुत मदद मिली। अट्टाकलारी के श्री वीर ने इस प्रक्रिया को सफल बनाया।

स्ट्रीट थियेटर वर्कशॉप– श्री पी गंगाधर स्वामी

स्ट्रीट थिएटर एक बिना विशिष्ट भुगतान वाले दर्शकों के समक्ष बाहरी सार्वजनिक स्थानों में नाटकीय और प्रस्तुति का एक रूप है। ये स्थान कहीं भी हो सकते हैं, जिसमें शॉपिंग सेंटर, कार पार्क, मनोरंजन स्थल, कॉलेज या विश्वविद्यालय परिसर और सड़क के कोने शामिल हैं। ये विशेष रूप से बाहरी स्थानों में देखे जाते हैं जहां बड़ी संख्या में लोग होते हैं। सड़क थिएटर पर अभिनय करनेवाले ये अभिनेता गीत गाकर धन कमानेवालों से लेकर संगठित रंगमंच की कंपनियों या समूहों के हो सकते हैं जो प्रदर्शन स्थानों के साथ प्रयोग करना चाहते हैं, या जो अपनी मुख्यधारा के काम को बढ़ावा देना चाहते हैं। यह लोगों को जानकारी प्रदान करने का एक स्रोत था जब टेलीविजन, रेडियो आदि जैसी जानकारी प्रदान करने के स्रोत नहीं थे।

कर्नाटक के जाने–माने थियेटर व्यक्तित्व श्री गंगाधर स्वामी ने स्ट्रीट थिएटर की बुनियादी बारीकियों और इसके प्रभाव के बारे में बताया।

डॉ. पवित्रा द्वारा पश्चिमी नाटक सिद्धान्त

प्राचीन ग्रीस में पश्चिमी नाटकीय परंपरा की उत्पत्ति हुई है। इसके मुख्य विभाजनों– त्रासदी, हास्य और व्यंग्य का सटीक विकास निश्चित रूप से ज्ञात नहीं है। अरस्तू के अनुसार, ग्रीक नाटक, या, अधिक स्पष्ट रूप से, ग्रीक त्रासदी, उत्सव गीत से उत्पन्न हुई।

डॉ. पवित्रा ने छात्रों के लिए विश्व भर के थिएटर का निरुपण किया। कक्षाओं में ग्रीक नाटक, रोमन नाटक, मध्यकालीन नाटक, पुनर्जागरण नाटक, इटली, फ्रांस, स्पेन और कई अन्य शामिल थे।

श्री सी. बसवालिंगैया द्वारा अभिनय कक्षा

अभिनय में कौशल की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें एक अच्छी तरह से विकसित कल्पना, भावनात्मक दक्षता, शारीरिक अभिव्यक्ति, मुखर युक्ति, भाषण की स्पष्टता और नाटक अदा करने की क्षमता शामिल है। अभिनय बोलियों, लहजे, तात्कालिक प्रदर्शन, अवलोकन और अनुकरण, माइम और मंच पर सामना करने की क्षमता की भी मांग करता है। कई कलाकार इन कौशल को विकसित करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रमों या कॉलेजों में प्रशिक्षण लेते हैं। अधिकांश पेशेवर अभिनेताओं ने व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अभिनेता और अभिनेत्रियों के पास अक्सर गायन, दृश्य–कार्य, ऑडिशन तकनीक और कैमरे के लिए अभिनय से जुड़े प्रशिक्षण के लिए कई प्रशिक्षक और शिक्षक होंगे।

आधुनिक भारतीय रंगमंच – प्रो. थरकेश्वर वी. बी.

अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद में अनुवाद अध्ययन विभाग के प्रोफेसर थरकेश्वर वी. बी., ने आधुनिक भारतीय रंगमंच पर हमारे लिए कक्षाएं लीं। आधुनिक भारतीय रंगमंच और इसकी विशेषताएँ, उत्तर आधुनिक रंगमंच, आधुनिकता का इतिहास और अवधारणा, श्रेणी पद्धति, पुनर्जागरण काल, फ्रांसीसी क्रांति, पूंजीवाद, पारसी रंगमंच समूह, कर्नाटक के कलाप्रेमी रंगमंच समूह और कंपनी रंगमंच जैसे विषयों से परिचय कराया।

कर्नाटक के रंगमंच निर्देशकों और शांताकवि, बसवप्पा शास्त्री, गुबिवेरन्ना, टी.पी. कैलासम जैसे नाटककारों का गहन अध्ययन वे आंध्र प्रदेश में सुरभि थिएटर कंपनी, बंगाल में रंगमंचों की स्थापना, बैंगलोर में एडीए और संसा थिएटर को बहुत रोचक बनाया गया।

उनकी कक्षाओं में राजनीतिक रंगमंच, मूल रंगमंच, इप्टा, समुदाय पर प्रकाश डाला गया और उत्तर आधुनिकता के साथ कक्षा संपन्न हुई।

मंच शिल्प की व्यावहारिक ऑनलाइन कक्षाएं – श्री शशिधर आदपा

मंच शिल्प नाटक, फिल्म और वीडियो प्रस्तुति का तकनीकी पहलू है। इसमें दृश्यों का निर्माण और सामग्री शामिल है। लाइट को लटकाना और उसका फोकस सेट करना। वेशभूषा का डिजाइन और उसकी खरीद, रूपसज्जा, मंच प्रबंधन, ऑडियो इंजीनियरिंग, और रंगमंच की सामग्री की खरीद। मंच शिल्प सीनोग्राफी की वृहत से अलग है। इसे एक कलात्मक क्षेत्र के बजाय एक तकनीकी माना जाता है, यह मुख्य रूप से एक नाटकीय डिजाइनर की कलात्मक दृष्टि का व्यावहारिक कार्यान्वयन है।

श्री सी. बसवालिंगैया द्वारा कथा रंगमंच – द्रविड़ भाषाओं, कहानियों की वृहत व्यावहारिक कक्षाएं

यह गतिविधि मुख्य रूप से दक्षिण भारत में लोक कलाकार द्वारा परिकल्पित कहानी–संस्कार पर केंद्रित थी। छात्रों को कहानियों पर काम करने, नाटकीय दृश्यों का चयन करने, उन्हें अभिनीत करने और उसी का एक वीडियो बनाने का कार्य सौंपा गया। वीडियो को संकाय द्वारा देखा गया, उनकी समीक्षा की गई और उनपर सुझाव दिए गए।

सुश्री अंजलि के. आर. द्वारा नाट्य शास्त्र में अभिनय और मुद्राएँ

भारतीय शास्त्रीय नृत्य की सबसे खास विशेषताओं में से एक है हाथ की मुद्राओं का उपयोग। बाहरी घटनाओं या चीजों को देखने के लिए मुद्राओं के माध्यम से नृत्य में बोलना, जो कि मुद्राओं से किया जाता है। आंतरिक भावनाओं को व्यक्त करने के लिए, भारतीय शास्त्रीय नृत्य में मुद्रा (हाथ/उंगली की मुद्राएं) के दो वर्गीकरणों का उपयोग किया जाता है, और वास्तव में नर्तक की शब्दावली का एक प्रमुख हिस्सा है। समय की आवश्यकता के रूप में, सुश्री अंजलि द्वारा अभिनय पद्धति की परम्परा को विस्तार से सिखाया गया।

श्रीमती मीता मिश्रा द्वारा यथार्थवादी अभिनय कक्षाएं

रंगमंच पर यथार्थवादी अभिनय एक सामान्य गतिविधि थी जो 19वीं शताब्दी में 1870 के के आसपास, रंगमंच पर शुरू हुई, और 20 वीं शताब्दी के अधिकांश समय तक मौजूद रही। इसने ग्रंथों और प्रदर्शनों में वास्तविक जीवन को अधिक निष्ठा से लाने के उद्देश्य से नाटकीय और रंगमंच सम्मेलनों का एक सेट विकसित किया।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली की पूर्व छात्र श्रीमती मीता मिश्रा ने छात्रों को अपने सुविधाजनक क्षेत्र से परे खुद को विस्तारित करने तथा अभिनय और भाषाओं की विभिन्न शैलियों के क्षेत्र में उनका प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्री दीपन शिवरामन द्वारा रंगमंच की डिजिटल कक्षाएं

श्री दीपन ने बाह्य स्थल (प्रोमनेड), स्थान विशिष्ट रंगमंच, उत्तर नाटकीय, पटरचना रंगमंच, डिजिटल रंगमंच और तैयार रंगमंच में अभिनय के संबंध में एक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया। उन्होंने रंगमंच की विचारधारा और रंगमंच के अभिनय को प्रभावित करने वाले पहलुओं पर बहुत विस्तार पर प्रकाश डाला।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय – सिक्किम रंगमंच प्रशिक्षण केन्द्र, गंगटोक

सिक्किम रंगमंच प्रशिक्षण केन्द्र हरी भरी सुरम्य घाटी में स्थित राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय का पहला केन्द्र है जो गंगटोक की हरी–भरी मनोहर वादियों में वर्ष 2012 में स्थापित किया गया। यह अभिनय में एक वर्षीय प्रमाण–पत्र प्रदान करता है।

यह केन्द्र रंगमंच के प्रति उत्साही लोगों को अभिनय के विभिन्न पहलुओं में एक साल का सर्टिफिकेट कोर्स प्रदान करता है। प्रत्येक वर्ष एक कठोर चयन प्रक्रिया के माध्यम से 20 छात्रों का चयन किया जाता है। यह एक आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है। प्रख्यात रंगमंच निर्देशकों/शिक्षकों को शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

पहला मोड्यूल अभिनेताओं/प्रतिभागियों के प्रशिक्षण और उन्हें तैयार करने पर केन्द्रित है। इस गहन चरण में योग, गति, वाक एवं संभाषण, संगीत और अभिनय के विभिन्न तरीके और साथ ही दृश्यबंध (वास्तविक और भौतिक रंगमंच) शामिल है।

दूसरा मोड्यूल तकनीकी प्रशिक्षण पर केन्द्रित है जिसमें दृश्यबंध परिकल्पना, प्रकाश व्यवस्था, वस्त्रसज्जा, रूप–सज्जा, रंगमंच शिल्प, शरीर संचालन, फर्श पर की जाने वाली गतिविधि (एक्रोबैट्स, एरियल), दैहिक अभिनय, आलेख लेखन, अभिनय, रंगमंच संगीत, मंच सामग्री और मुखौटा बनाने और अन्य पहलुओं के साथ ही एक प्रस्तुति तैयार करना भी शामिल है।

तीसरे मोड्यूल में प्रतिभागियों ने देश के कई स्थानों पर पेशेवर प्रस्तुति का दौरा कर इसका अनुभव लेना है। यह दौरा प्रतिभागियों को विभिन्न संस्कृतियों, लोगों और क्षेत्र से परिचय करवाने के लिए उनको पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने के लिए रखा गया है।

सिक्किम केन्द्र 16 कलाकारों का एक रंगमंडल भी चला रहा है जो प्रख्यात रंगमंच निर्देशकों की प्रस्तुतियों को प्रदर्शित करता है और नाटकों को बड़ी संख्या में दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। रंगमंडल उत्तर–पूर्व क्षेत्र के विभिन्न राज्यों में दौरे कर अपनी गुणवत्तापूर्ण प्रस्तुतियों को मंचित करता है।

सिक्किम केन्द्र सिक्किम के चारों जिलों में रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर 15 से 45 दिनों की अवधि की रंगमंच कार्यशालाएं संचालित करता है। ये कार्यशालाएं उस क्षेत्र के रंगमंच जोशीलों को प्रशिक्षित करती है जिससे वे रंगमंच और अभिव्यक्ति के अन्य माध्यमों में अपना कैरियर बनाने में तैयार हो सकें।

सिक्किम केन्द्र सिक्किम में रंगमंच उत्सव का भी आयोजन करता है। जिसमें उत्तर–पूर्व राज्यों से अन्य रंगमंडलियां अपनी प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभागिता करती है। उत्तर–पूर्व राज्य की इन प्रस्तुतियों को देश के अन्य राज्यों में इन राज्यों के रंगमंच कलारूपों को प्रदर्शित करने के लिए केन्द्र दौरे करता है।

नियमित गतिविधियों के अतिरिक्त केन्द्र की अन्य गतिविधियाँ निम्न प्रकार से हैं :

अप्रैल 2019 – 2018–19 बैच के रा.ना.वि. सिक्किम के छात्रों ने शिल्पिका बोरदोलोई और सुरेश शेट्टी के निर्देशन में शारीरिक गतिविधि की कक्षाओं का आयोजन किया, स्नेहा कुमार द्वारा वेशभूषा डिजाइन, ओएसिस सौगाएगम द्वारा प्रस्तुति प्रक्रिया, संजोय सामंता द्वारा मेकअप और साउटी चक्रवर्ती द्वारा प्रकाश परिकल्पना।

मई 2019 – संमित्रा भौमिक द्वारा 2018–19 बैच की अभिनय कक्षाएं और एन. जादुमणि सिंह द्वारा मंच सामग्री और मुखौटा तैयार करने की कक्षाएं ली गईं। उनकी अंतिम प्रस्तुति बिपिन कुमार (केन्द्र निदेशक, रा.ना.वि., सिक्किम) के निर्देशन में शुरू हुई।

जून 2019 – 2018–19 बैच के छात्रों ने 28 और 29 जून 2019 को मनन केन्द्र में बिपिन कुमार द्वारा निर्देशित अपनी अंतिम प्रस्तुति 'आषाढ़ का एक दिन' का मंचन किया। गंगटोक में 24 से 26 जून 2019 के बीच नए प्रतिभागियों का साक्षात्कार लिया गया। 2018–19 बैच के छात्रों की मौखिक परीक्षा 29 जून, 2019 को आयोजित की गई।

जुलाई 2019 – नया सत्र 29 जुलाई 2019 से शुरू हुआ। बिपिन कुमार (केन्द्र निदेशक) द्वारा नाट्य लेख पाठन की कक्षाएं ली गईं ।

अगस्त 2019 – 2019–20 बैच के छात्रों की राजेंद्र पंचाल द्वारा अभिनय कक्षाएं, जॉय मितेई द्वारा गतिविधि, पियल भट्टाचार्य द्वारा सीआईडी और शुभदीप गुहा द्वारा संगीत की कक्षाएं ली गईं। गैंगटोक में 19 और 20 अगस्त को रंगमंडल के कलाकारों के नए पैनल के लिए साक्षात्कार लिए गए।

सितंबर 2019 – पाबित्रा राभा और राजेश सिंह द्वारा छात्रों की अभिनय कक्षाएं, लहक्पा लेप्चा द्वारा गतिविधि, ओएसिस सौगाएजम द्वारा प्रस्तुति प्रक्रिया और पियाल भट्टाचार्य द्वारा सीआईडी की कक्षाएं ली गईं।

अक्टूबर 2019 – त्रिना बनर्जी द्वारा पश्चिमी नाटक, अमित बनर्जी द्वारा स्वर और भाषण, सत्यब्रत राउत द्वारा रंगमंच स्थापत्य और मकरंद साठे द्वारा नाट्य आलेख लेखन की कक्षाएं ली गईं।

नवंबर 2019 –साउती चक्रवर्ती द्वारा ली गई पश्चिमी नाटक, टीकम जोशी द्वारा वास्तविक दृश्य कार्य, निम ल्हामू शेरपा द्वारा योग और भारती शर्मा द्वारा अभिनय की कक्षाएं ली गईं। छात्रों की पहली प्रस्तुति पियाल भट्टाचार्य के निर्देशन में शुरू हुई।

दिसंबर 2019 – भारती शर्मा द्वारा अभिनय और निम ल्हामू शेरपा द्वारा योग कक्षाएं जारी रहीं। स्वर और भाषण की कक्षाएं अंजनी पुरी द्वारा तथा स्थान और अभिनय की कक्षाएं बंसी कौल द्वारा ली गई। रा.ना.वि. सिक्किम रंगमंडल ने अपने नए नाटकों सूरजमुखी और हेमलेट का निर्देशन भारती शर्मा द्वारा 22 और 23 दिसंबर 2019 को मनन केन्द्र में किया। छात्रों ने 25 और 26 दिसंबर 2019 को पियाल भट्टाचार्य द्वारा निर्देशित 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' के पहली प्रस्तुति का मंचन किया। 26 दिसंबर को छात्रों की मौखिक परीक्षा ली गई।

जनवरी 2020 –छात्रों के लिए शैक्षणिक अवकाश।

फरवरी 2020 –सत्तारिया पारंपरिक नृत्य रूप सीखने के लिए माजुली, असम में छात्रों के अध्ययन दौरा आयोजित किया गया था। रा.ना.वि. सिक्किम रंगमंडल ने 3 से 12 फरवरी 2020 के बीच सिक्किम के चार अलग–अलग स्थानों, ग्यालजिंग, रंगोली, पाकयोंग और मंगन में आयोजित शीतकालीन रंगमंच उत्सव में 'सूरजमुखी और हेमलेट' का मंचन किया।

मार्च 2020 – लापदियांग ए सईएम द्वारा लिया गया गतिविधि, आसिफ अली द्वारा आधुनिक भारतीय नाटक और वंदना वशिष्ठ द्वारा यथार्थवादी दृश्य कार्य की कक्षाएं ली गईं।

थिएटर–इन–एजुकेशन स्कंध, त्रिपुरा

ऐसे रंगमंच से जुड़े व्यक्तित्व जो रंगमंच की पद्धतियों में पूर्णतः निपुण हैं और बच्चों के मनोविज्ञान की जिनको गहरी समझ है और साथ ही बाल रंगमंच क्षेत्र में पेशेवर के रूप में कार्य करने की जिनकी गहरी रुचि है, को बाल रंगमंच में प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से थिएटर–इन–एजुकेशन (टी आइ ई) शाखा, त्रिपुरा में स्थापित की गई। इसका उद्घाटन त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा 9 अगस्त, 2012 को किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक वर्ष की अवधि का है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफलता से पूर्ण होने पर थिएटर–इन–एजुकेशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाता है। पूर्ण पाठ्यक्रम दो सत्रों का है। केन्द्र की गतिविधियाँ निम्न हैं :

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक संचालित कक्षाएं

कक्षाएं	**–संकाय का नाम/विशेषज्ञ**
रूप–सज्जा	–श्री संजय सामंता
क्लाउनिंग	–सुश्री सुखमणि कोहली
मैथ्स	–डॉ. के. बी. सुब्रामणियम
एप्लाइड थिएटर	–डॉ. अभिलाष पिल्लई
ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला तैयारी	–श्री मनीष सैनी एवं श्री दीपेन्द्र रावत
सौंदर्यशास्त्र (कला और जीवन)	–श्री रतन थियम
एन्सेन्बल	–श्री थवाई थियम एवं श्री सोरोखईबम इबोम्चा
शिक्षा एवं नाट्य में भारतीय दर्शनशास्त्र	–डॉ. अर्जुन देव चारण
टाई प्रतिभागिता कार्यक्रम	–श्री विजय कुमार सिंह एवं सुश्री मालविका भास्कर
ऑब्जेक्ट थिएटर	–सुश्री चोइती घोष
दृश्यबंध परिकल्पना	–श्री रणधीर कुमार
रंगमंच इतिहास	–श्री रजनीश बिष्ट एवं सुश्री मालविका भास्कर
नाट्य शास्त्र	–प्रो. विजय कुमार एल. धारूरकर
थिएटर–इन–एजुकेशन	–श्री विजय कुमार सिंह
मूकाभिनय एवं गति संचालन	–श्री सुरेश शेट्टी
बुनियादी निर्देशन एवं प्रस्तुति प्रक्रिया	–डॉ. अनुराधा कपूर
नाट्यलेख पाठ	–सुश्री बबीता पांडे
थिएटर गेम्स	–श्री पिकलु घोष
शिल्प निर्माण	–श्री एन. जदुमणि सिंह एवं श्री कौशिक पॉल
चित्रकारी	–श्री अमित मोदक
एग्लाइड थिएटर	–श्री कौस्तुभ बनकापुर एवं श्री पिकलु घोष
योग	–श्री विक्रम सिंह राठौर
टाई/डाई	–श्री डैनिल ए. केलिन एवं श्री दीपांकर चौहान
नाट्यशास्त्र	–प्रो. विजय कुमार एवं श्री एल. धरूरकर
जात्रा	–सुश्री बिजली चक्रबर्ती

गति संचालन	–श्री सुरेश शेट्टी
अभिनय एवं दृश्यबंध	–श्री मिलिंद इनामदार
भारतीय एवं विश्व रंगमंच इतिहास	–डॉ. देवेन्द्र राज अंकुर
ट्राइबल लोक नृत्य	–श्री सुरजित देबबर्मा
एक्रोबैटिक्स	–श्री अजय देबबर्मा
वेशभूषा परिकल्पना	–सुश्री बबीता पांडे
बाल विकास	–सुश्री डिंपल रंगीला
मैथ्स	–डॉ. के. बी. सुब्रमणियम
वाक एवं संभाषण	–श्री विजय कुमार
टाई/डाई	–श्री डेनिल एलन केलिन, मालविका भास्कर एवं सुश्री डॉली कुँवर
योग	–डॉ. मनोहर प्रिया
भारतीय सौंदर्यशास्त्र	–श्री शैलेश श्रीवास्तव
रूपसज्जा	–श्री संजय सामंत
टाई/डाई	–श्री विजय कुमार सिंह
कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान	–श्री अविजित वैश्य
कठपुतली निर्माण	–श्री प्रभितागंशु दास
दृश्यबंध परिकल्पना	–श्री रणधीर कुमार
प्रकाश परिकल्पना	–श्री रणधीर कुमार
गति संचालन	–सुश्री डॉली कुँवर
बाल विकास	–सुश्री निकिता अग्रवाल
गणित–मंथन	–श्री विजय कुमार सिंह
जादू	–श्री विजॉय आचार्यजी
भारतीय संगीत	–श्री हरिनाथ झा
प्रक्रिया नाटक	–सुश्री मालविका भास्कर
बच्चों के साथ प्रस्तुति	–श्री डेनिल ए. केलिन
परिचय	–श्री सुरेश शर्मा
समसामयिक भारत एवं बचपन	–डॉ. आशा सिंह
रंगमंच संगीत	–श्री संजय उपाध्याय
समकालीन भारत एवं बचपन	–सुश्री तुलतुल विश्वास
समकालीन भारत एवं बचपन	–सुश्री निधि गुलाटी
ऑब्जैक्ट रंगमंच	–सुश्री चोइती घोष
कथा वाचन	–सुश्री गीता रामानुजुम, सुश्री कविता वैंकट एवं श्री जिम पॉल थाराकन
भूतोह नृत्य	–श्री तातसुमी फ्युजेदा

लाबोन नृत्य	–सुश्री फ़ैज जलाली एवं सहायक सुश्री डॉली कुँअर
ऑपरेस्ड	–श्री संजय गांगुली एवं सुश्री सिमता गांगुली
दैहिक संचालन	–श्री किशोर शर्मा
ग्रिप्स प्ले मेकिंग	–सुश्री श्रीरंग गोडबोले एवं सुश्री विभावरी देशपांडे

प्रदर्शन/परीक्षा/मूल्यांकन : छात्रों द्वारा प्रस्तुत

विषय (डेमो)	संकाय/विशेषज्ञ का नाम	दिनांक
रूप–सज्जा	श्री संजय सामंत	7 अप्रैल, 2019
क्लाउनिंग	सुश्री सुखमणि कोहली	9 अप्रैल, 2019
गणित मंथन	श्री विजय कुमार सिंह	9 अप्रैल, 2019
वीर जन्मेजय	श्री थावई थियम एवं श्री सोरोखाइबाम इबोम्चा	31 मई, 2019
मंथन परिकल्पना एवं दृश्यबंध	श्री रणधीर कुमार	22 जून, 2019
ऑब्जैक्ट रंगमंच	सुश्री चोइती घोष	22 जून, 2019
टाई कार्यक्रम	श्री रजनीश बिष्ट	22 जून, 2019
निर्देशन एवं प्रस्तुति प्रक्रिया	डॉ. अनुराधा कपूर	4 जुलाई, 2019
एप्लाइड रंगमंच	श्री कौस्तुभ बंकापुरे	21 अगस्त, 2019
योग	श्री विक्रम सिंह राठौर	6 सितंबर, 2019
कक्षा पाठ	श्री डेनिल ए. केलिम	7 सितंबर, 2019
मुखौटा निर्माण	श्री एन. जदुमणि सिंह	14 सितंबर, 2019
गति संचालन	श्री सुरेश शेट्टी	25 सितंबर, 2019
रंगमंच इतिहास	डॉ. देवेन्द्र राज अंकुर	2 अक्तूबर, 2019
ट्राइबल लोक नृत्य	श्री सुरजित देबबर्मा	3 अक्तूबर, 2019
रंगमंच इतिहास	डॉ. देवेन्द्र राज अंकुर, श्री मिलिंद इनामदार एवं श्री विजय कुमार सिंह	4 अक्तूबर, 2019
बाल विकास	सुश्री डिम्पल रंगीला	15 अक्तूबर, 2019
रूप–सज्जा	श्री संजय सामंथ	30 अक्तूबर, 2019
भारतीय सौंदर्यशास्सत्र एवं नाटक	श्री शैलेश श्रीवास्तव	2 नवंबर, 2019
वाक एवं संभाषण	श्री विजय कुमार	9 नवंबर, 2019
दृश्यबंध अभिकल्पना	श्री रणधीर कुमार	22 नवंबर, 2019

विषय (मूल्यांकन)	संकाय/विशेषज्ञ का नाम	दिनांक
प्रकाश परिकल्पना	श्री रणधीर कुमार	7 दिसंबर, 2019
बाल विकास	सुश्री निकिता अग्रवाल	13 दिसंबर, 2019
जादू	श्री बिजॉय कृष्णा आचार्यजी	25 जनवरी, 2020

समसामयिक भारत एवं बचपन संगीत	डॉ. आशा सिंह	28 जनवरी, 2020
संगीत	श्री संजय उपाध्याय	5 फरवरी, 2020
समसामयिक भारत एवं बचपन संगीत	सुश्री निधि गुलाटी	12 फरवरी, 2020
कथा वाचन	सुश्री गीता रामानुजम	18 फरवरी, 2020
ऑब्जैक्ट रंगमंच	सुश्री चोइती घोष	19 फरवरी, 2020
ग्रिप्स प्ले मेकिंग	श्री विभावरी देशपांडे एवं सुश्री श्रीरंग गोडबोले	16 मार्च, 2020
ऑपरेस्ट रंगमंच	श्री संजय गांगुली एवं सुश्री सीमा गांगुली	11 मार्च, 2020

अंतिम मौखिक परीक्षा 2018–19

त्रिपुरा केन्द्र ने सत्र 2018–19 के टी.आई.ई. छात्रों की अंतिम मौखिक परीक्षा 9 जुलाई, 2019 को आयोजित की, जिसमें डॉ. अभिलाष पिल्लई (केन्द्र प्रभारी, रा.ना.वि., दिल्ली), श्री विजय कुमार सिंह (केन्द्र निदेशक, रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र), श्री बिपिन कुमार (सेंटर डायरेक्टर, रा.ना.वि., सिक्किम सेंटर), श्री नरेंद्र देबबर्मा (रंगमंच व्यक्तित्व) और श्री प्रभितांगशु दास (कठपुतली विशेषज्ञ) विशेषज्ञ के रूप में शामिल थे।

शैक्षणिक सत्र 2019–20 के लिए निम्नलिखित उम्मीदवारों का चयनः –

रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र में शैक्षणिक सत्र 2019–20 के दौरान एक वर्षीय टी.आई.ई. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पूरे भारत से 138 आवेदन पत्र प्राप्त किए गए, जिनमें से कार्यशाला/साक्षात्कार के लिए अंततः 127 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। कार्यशाला/साक्षात्कार का आयोजन चयन समिति के सदस्यों द्वारा 08 जुलाई, 2019 को रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र में, 17 जुलाई, 2019 को बनीकांता सभागार गुवाहाटी में और 18 से 19 जुलाई, 2019 को माधबदेव सभागार गुवाहाटी में किया गया। निम्नलिखित उम्मीदवारों का एक वर्ष के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम रूप से चयन किया गया हैः – एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चुने गए निम्न छात्र :–

क्र. सं.	उम्मीदवार का नाम	लिंग	राज्य
01	पारिजावल चक्रवर्ती	पुरुष	त्रिपुरा
02	दिपायन गोस्वामी	पुरुष	त्रिपुरा
03	सुशोभिता कर	महिला	त्रिपुरा
04	राजीव चटर्जी	पुरुष	त्रिपुरा
05	सोनार ज्योति बोरा	पुरुष	असम
06	तृप्ति बोरा	महिला	असम
07	सुनम देवी	महिला	असम
08	सुम्पी बोरा	महिला	असम
09	सौरभ ज्योति फुकन	पुरुष	असम
10	मौसमी बोरपात्रा गोहेन	महिला	असम
11	तीर्थ खाखलेरी	पुरुष	असम
12	राहुल कुमार	पुरुष	मणिपुर
13	आरूषी शर्मा	महिला	दिल्ली
14	श्वेता सिंह	महिला	दिल्ली

15	साक्षी थपलियाल	महिला	दिल्ली
16	पीतांबर बहेरा	पुरुष	ओडिशा
17	वन्दना दावी	महिला	पंजाब
18	कुनाल सरकार	पुरुष	पश्चिम बंगाल
19	योगेश बालासाहेब पाटिल	पुरुष	महाराष्ट्र
20	उमंग खुगशाल	पुरुष	उत्तराखंड

- श्री राहुल कुमार (मणिपुर) पाठ्यक्रम में शामिल नहीं हुए। श्री राहुल के स्थान पर प्रतीक्षा सूची से श्री अयान माजी (पश्चिम बंगाल) को प्रवेश के लिए चुना गया था परंतु उन्होंने अपनी चिकित्सा समस्या के कारण पाठ्यक्रम में शामिल होने से मना कर दिया। इसके आगे, प्रतीक्षा सूची से श्री सिद्धार्थ कुमार पाल (उत्तर प्रदेश) का इस पाठ्यक्रम के लिए अनंतिम रूप से चयन किया गया है। कुल 20 छात्रों (11 पुरुष और 09 महिला) (सामान्य जाति –10, अन्य पिछडा वर्ग –07, अनुसूचित जाति –02 और अनुसूचित जनजाति –01) का अनंतिम रूप से इस शैक्षणिक सत्र 2019–20 के लिए त्रिपुरा केन्द्र में टी.आई.ई. पाठ्यक्रम के लिए चयन किया गया है। नया शैक्षणिक सत्र (2019–20) 09 अगस्त, 2019 से शुरू हुआ।

दीक्षारंभ कार्यक्रम (सत्र 2019–20): –

- रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र ने 9 से 10 अगस्त, 2019 को आनंद सभागार, नजरुल कलाक्षेत्र, अगरतला में सत्र 2019–20 के लिए "दीक्षारंभ कार्यक्रम" का आयोजन किया। इस अवसर पर श्री जिश्नु देबबर्मा, उप मुख्यमंत्री, त्रिपुरा सरकार ने इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और आधुनिक शिक्षा प्रणाली में रंगमंच की भूमिका पर एक महत्वपूर्ण भाषण दिया और नए छात्रों को आशीर्वाद दिया। श्री कृष्णधन दास, विधायक बामुटिया, श्री हरिनाथ झा, एस.एन.ए. कार्यक्रम निदेशक, डॉ. दिलीप त्रिपाठी, प्रभारी ललित कला अकादमी और श्री सुमन मजुंदार, कलाकार भी अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। पहले दिन के कार्यक्रम के अंत में 08/08/2019 को रा.ना.वि. त्रिपुरा कैंपस, नजरुल कलाक्षेत्र में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 09/08/2019 को आयोजित प्रदर्शनों का विवरण यहां प्रस्तुत है: –

प्रस्तुति	**ग्रुप का नाम**
ट्राइबल नृत्य	–खाकवटवी
गाजन	–लिटिल ड्रामा ग्रुप
भरतनाट्यम्	–रिदम डांस अकादेमी
कथक	–मंजीर
नजरूल नृत्य	–रिदम डांस अकादेमी
रविन्द्र नाट्य	–मंजीर
कव्वाली	–सुरेर भुबन

- जात्रा की विशेषज्ञ सुश्री बिजली चक्रवर्ती, के निर्देशन में 10/08/2019 को एक लोककला प्रदर्शन ''जात्रा'' का भी आयोजन किया गया, जहाँप्रतिभागियों ने ''मीरार बधुआ'' का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन को दर्शकों से सराहना मिली।

बच्चों के साथ ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला 2019 : –

- रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र ने ''बिजॉय कुमार बालिका उच्च विद्यालय'', ''रेशम बागान उच्च विद्यालय '' और ''पल्ली मंगल उच्च विद्यालय'', अगरतला नामक तीन विद्यालयों में बच्चों के 11 समूहों के साथ ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का

आयोजन किया। उक्त कार्यशाला में कुल 200 (लगभग) बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला निम्नलिखित विशेषज्ञ सदस्यों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई थीः –

क्र.सं.	पथ प्रदर्शक के रूप में विशेषज्ञ / सहायक के नाम
01	श्री मनीष सैनी
02	श्री दीपेन्द्र रावत
03	श्री मनोज भाटिया
04	सुश्री बबीता पांडे
05	श्री जयंत डे, श्री मनोजित देबरॉय, श्री राजू देबनाथ, श्री राकेश बोरा, श्री सोनित ज्योति सैकिया, श्री पिकलू घोष, श्री विरेन्द्र गंजू, सुश्री स्निग्धा पॉल, सुश्री मधाबी चक्रबर्ती, सुश्री मौसमी देबनाथ, श्री दीपांकर चौहान एवं श्री रजत स्निग्धा

- रा.ना.वि. त्रिपुरा केन्द्र ने 16 से 20 मई, 2019 तक आनंद सभागार, नजरुल कलाक्षेत्र में ग्रीष्मकालीन रंगमंच कार्यशाला का आयोजन किया, जहाँ का आयोजन के प्रतिभागियों द्वारा निम्नलिखित नाटकों का प्रदर्शन किया गया। समापन कार्यक्रम के अंतिम दिन हमारे केन्द्र ने प्रतिभागियों को ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के प्रमाणपत्रों के साथ रविवार नाट्य सभा (संडे ड्रामा क्लब) के प्रमाणपत्र वितरित किए।

क्र. सं.	नाटक का नाम	प्रस्तुति तिथि	बच्चों की संख्या	मुख्य अतिथि
01	1. सा–रे–गा–धा 2. छुति	16 / 05 / 2019	17 20	श्री आशुदेब दास (निदेशक, आई सी ए, त्रिपुरा सरकार)
02	1. द गुड अर्थ 2. उल्टा पल्टा बुधीर खेला	17 / 05 / 2019	14 18	श्री साजू वाहिद (निदेशक, हायर एजुकेशन, त्रिपुरा सरकार)
03	1. बुधीर जॉय 2. नियातीर खेला	18 / 05 / 2019	23 13	सुश्री संगीता मजूमदार (अध्यापक, बिजॉय कुमार गर्ल्स हाईस्कूल)
04	1. नरम गरम 2. इनर ब्युटी 3. छाछा जानेर वाइसकोप	19 / 05 / 2019	16 16 20	सुश्री निष्ठा चक्रवर्ती (किकबॉक्सर, त्रिपुरा) श्री निर्मल कांति कार (प्रधानाध्यापक पालि मंगल हाईस्कूल) श्री पूर्णज्योति पॉल (प्रधानाध्यापक रसाम बगान हाईस्कूल)
05	1. सिनाकी कंपनी 2. सर्कल ऑफ द गजेट	20 / 05 / 2019	1312	श्री प्रतिभातांगशु दास (पपेटर ऑफ त्रिपुरा एवं एसएनए अवॉर्ड) सुश्री बालाजी चक्रबर्ती (जात्रा कलाकार)

टी.आई.ई. प्रतिभागिता कार्यक्रम : –

- टी.आई.ई. के छात्रों ने श्री विजय कुमार सिंह, रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र (निर्देशन एवं परिकल्पना) और सुश्री मालविका भास्कर (सहायक, निर्देशन एवं परिकल्पना) द्वारा जून, 2019 के महीने में निम्नलिखित स्थानों पर प्रतिभागिता नाटक ''गणित मंथन'' का प्रदर्शन किया। प्रतिभागिता नाटक ''गणित मंथन'' एक पुस्तक ''मॉम आई हेट मैथ्स'' पर आधारित है जो डॉ. के. बी. सुब्रमण्यम (गणित शिक्षक एवं नाटककर) द्वारा लिखित है।

क्र.सं.	नाटक का नाम	दिनांक	स्थान
01	गणित मंथन	12/06/2019	पल्लीमंगल हाईस्कूल
02		13/06/2019	पल्लीमंगल हाईस्कूल
03		14/06/2019	आनंदा सभागार नज़रूल कलाक्षेत्र
04		15/06/2019	आनंदा सभागार नज़रूल कलाक्षेत्र
05		08/07/2019	आनंदा सभागार नज़रूल कलाक्षेत्र

- रा.ना.वि. (टी.आई.ई. विंग), त्रिपुरा केन्द्र के छात्रों ने 16 दिसंबर, 2019 को रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर के छठी और सातवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों के सामने श्री विजई कुमार सिंह (केन्द्र निदेशक) द्वारा निर्देशित और परिकल्पित किए गए टी.आई.आई. प्रतिभागीनाटक ''गणित मंथन'' का आनंद सभागार, नाजरुल कलाक्षेत्र, अगरतला में भी प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गणित के डर को दूर करना, इसका वास्तविक अर्थ खोजना और वास्तविक जीवन की स्थितियों में इसकी समझ की खोज करना है।

बच्चों की चित्रकारी प्रतियोगिताः –

- रा.ना.वि., त्रिपुरा केन्द्र ने परिसर में 08/08/2019 को एक चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की, जहां 04 वर्ष से 15 वर्ष के आयु समूह के लगभग 400 बच्चों ने भाग लिया। इन चित्रों पर स्थानीय विशेषज्ञों द्वारा निर्णय लिया गया जिनके नाम हैं, सुश्री शर्मिष्ठा सिन्हा, श्री मनोज कुमार घोष, श्री राजीब दास और श्री विदेश कुमार कर।

अभ्यास शिक्षणः –

टी.आई.आई. के 8वीं बैच के छात्रों द्वारा 21/09/2019 को केन्द्रीय विद्यालय ओ.एन.जी.सी. और केन्द्रीय विद्यालय जी. सी. सी.आर.पी.एफ., अगरतला में कक्षा पाठ पर अध्यापन किया गया।

छात्रों की प्रस्तुतिः –

